जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 51 संख्याः 5 प्रभात कोटा, शुक्रवार 17 अक्टूबर, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भारत व भारत के मित्र राष्ट्रों में अविश्वास व कंफ्यूज़न फैलाना चाह रहे हैं ट्रंप

### इसके लिए ट्रंप ने माध्यम बनाया है, भारत द्वारा रूस से पैट्रोलियम की खरीद को

- ट्रंप ने कहा कि मोदी ने टेलीफोन करके उन्हें विश्वास दिलाया है कि वे रूस से तेल खरीदना बंद कर रहे हैं, बंद करने की प्रक्रिया में कुछ समय लग रहा है।
- इसलिए विलंब तो हो रहा है, किन्तु अंततोगत्वा खरीदी बंद हो जाएगी।
- भारत ने तुरंत ट्रंप के इस दावे को खारिज किया कि मोदी ने कोई ऐसा आश्वासन ट्रंप को दिया है।
- रूस ने भी वक्तव्य दिया कि वह कभी भी अपने खरीददार की एनर्जी पर्चेज़ में दखल नहीं देता है।
- रूस ने यह भी कहा कि, भारत और रूस के रिश्ते आपसी सहयोग की नींव पर बने हैं, रूस का तेल भारत के हित में था, जब तेल का अंतर्राष्ट्रीय मार्केट अस्त-व्यस्त हो रहा था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। डॉनल्ड ट्रम्प ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उनका दावा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें टेलीफ़ोन पर आश्वासन दिया कि भारत जल्द ही रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा।

यूक्रेन में रूस के युद्ध पर नियंत्रण पाने में असमर्थ और रूस को घेरने की अमेरिकी कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह विफल होने के बाद, ट्रम्प अब अविश्वास और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कारण भारत के रुख में आये बदलाव के बारे में अचानक बयानबाजी हो रही है।

ट्रम्प का कहना है कि मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत के लिए रूसी तेल व्यापार को रोकना केवल एक प्रक्रिया है, जिसमें समय लगता है।

भारत ने ट्रंप के दावों पर बहुत सावधानी से प्रतिक्रिया दी है और प्रधानमंत्री की ओर से ऐसी किसी भी संभावना या आश्वासन को पूर्ण रूप से खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर ट्रम्प के बयानों को ग़लत बताया और स्पष्ट किया कि भारत की तेल खरीद केवल एक उद्देश्य से प्रेरित है, अपने नागरिकों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और भविष्य में भी मार्गदर्शक सिद्धांत यही रहेगा।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि ऊर्जा उत्पादों की स्थिर कीमतें बनाए रखना और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना भारत की ऊर्जा नीति के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। भारत ऊर्जा स्रोतों में विविधता ला रहा है और अन्य देशों के साथ ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ा रहा है।

मामले ने तब और तूल पकड़ा, जब ट्रम्प ने कुछ अनौपचारिक बातचीत में दावा किया कि उन्होंने मोदी से फ़ोन पर बात की थी और तभी भारत की ओर से यह आश्वासन दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी उनके विश्वसनीय मित्र हैं और वो ट्रम्प से प्यार करते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या, आरोपियों को फांसी

आगरा, 16 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में आगरा जिले की एक विशेष अदालत ने पांच साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को फांसी की सज़ा सुनायी है।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने 18 गवाह और कई बार की हुई बहस के बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया है। घटना 18 मार्च 2024 को थाना बाह इलाके की है।

- घटना 18 मार्च की है। पॉक्सो कोर्ट में 18 गवाहों के बयानों व कई बहसों के बाद जज सोनिका चौधरी ने आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई।

दोनों आरोपियों ने पांच साल की बच्ची का पहले अपहरण किया, उसके बाद दुष्कर्म करके हत्या की थी। सजा सुनाये जाने के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष गिरी ने बताया कि दोपहर तीन बजे बच्ची रास्ते में खेल रही थी, तभी दोनों आरोपी अमित और निखिल मोटर साइकिल से आए और बच्ची को उठा ले गए। दोनों ने नहर किनारे ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म किया और हत्या करके शव को सरसों के खेत में फेंक दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विकासशील इंसान पार्टी के साथ बहुत बुरी हुई, महागठबंधन के बँटवारे में

### पार्टी ने साठ सीटों की माँग की थी व अपने नेता के लिए मंत्री पद

- उन्होंने स्वयं अपनी माँग घटाकर चालीस की और फिर तीस और फिर तेजस्वी यादव ने पंद्रह सीट का ऑफर दिया।
- पर शर्त यह रखी कि पंद्रह में से नौ सीटों के उम्मीदवार आरजेडी ही तय करेगी।
- तिरस्कृत विकासशील इंसान पार्टी के नेता सहनी ने महागठबंधन से नाता तोड़ने का ऐलान करने के लिए प्रैस कॉन्फ्रैंस बुलाई।
- पर, हर बार महागठबंधन के किसी न किसी बड़े नेता ने हस्तक्षेप करके घोषणा टलवाई और अंत में सहनी लटकते ही रह गए।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से एक दिन पहले, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी की प्रस्तावित प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर पूरे दिन सस्पेंस और हाई ड्रामा बना रहा। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस, जो कथित रूप से आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन से उनके अलग होने की घोषणा के लिए बुलाई जानी थी। कॉन्फ्रेंस के लिये, पहले दोपहर 12 बजे का समय तय किया गया था, फिर उसे 4 बजे तक टाल दिया गया और अंततः शाम 6 बजे के बाद आयोजित करने की बात कही गई।

इस बीच घटनाक्रमों का सिलसिला जारी रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सहनी को फोन कर उनके हितों का ध्यान रखने का भरोसा दिलाया। आरजेडी ने अपने एक वरिष्ठ नेता को नई दिल्ली भेजा, ताकि कांग्रेस के नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ बैठक की जा सके। कांग्रेस ने भी केन्द्रीय चुनाव समिति की एक आपात बैठक बुलाई।

एनडीए की ही तरह, महागठबंधन भी कागज़ों पर तो एकजुट है, लेकिन सहयोगी दल आपस में कई सीटों को लेकर टकराव की स्थिति में हैं। उदाहरण के लिए, कांग्रेस और सीपीआई (एमएल) दोनों ने एक ही सीट पर अपने-अपने उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। दरभंगा की जाले सीट और सीमांचल क्षेत्र की कई अन्य सीटों पर आरजेडी और कांग्रेस के बीच मतभेद बने हुए हैं।

सबसे खराब स्थिति मुकेश सहनी के हिस्से में आई है। उन्होंने सीट बंटवारे की बातचीत की शुरुआत ऊँचे स्वर में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जैसलमेर बस अग्निकांड में बस मालिक व ड्राइवर गिरफ्तार

### मुख्यमंत्री ने मृतक के आश्रितों को दस-दस लाख रूपये की सहायता देने के निर्देश दिये

- जोधपुर में बस बॉडी बनाने वाले कारखाने के मालिक मनीष जैन से पुलिस पूछताछ कर रही है कि बस बॉडी निर्माण में निर्धारित बॉडी कोड मानकों का पालन हुआ या नहीं।
- गुरुवार सुबह एक और यात्री, 54 वर्षीय भागा बानो की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

जैसलमेर, 16 अक्टूबर (नि.सं.)। जैसलमेर बस अग्निकांड में पुलिस ने बुधवार रात बस मालिक तुराब अली और ड्राइवर शौकत को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया कि इस मामले में 2 एफआईआर दर्ज हुई हैं। जोधपुर में बस बनाने वाले कारखाने के मालिक मनीष जैन को जैसलमेर पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस हृदय विदारक घटना को लेकर घोषणा की है कि मृतकों के आश्रितों को दस दस लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही जिस परिवार में तीन या अधिक मौतें हुई हैं उन्हें 25-25 लाख की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल लोगों को दो-दो लाख और अन्य घायलों को एक- एक लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जैसलमेर पुलिस बस कारखाने के मालिक मनीष जैन को पूछताछ के लिए जैसलमेर लाई है। बस की तकनीकी खामियों को लेकर मनीष जैन से पूछताछ की जायेगी। मनीष जैन जोधपुर स्थित जैन ट्रेवल्स के भी मालिक हैं। जैन ट्रेवल्स की बसें बड़ी संख्या में पूरे प्रदेश भर में चलती हैं।

परिवहन विभाग की टीम ने बस की बॉडी बनाने वाली कंपनी जैनम कोच क्राफ्टर के जोधपुर परिसर में तैयार हो रही 66 बसों को जब्त कर लिया है। टीम यह भी जांच करेगी कि बस बॉडी निर्माण के दौरान निर्धारित बॉडी- कोड मानकों का पालन हुआ है या नहीं।

इस भीषण अग्निकांड में मृतकों की संख्या 22 हो गई है। 54 साल की भागा बानो की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

इधर जोधपुर में डीएनए परीक्षण एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण होने पर जोधपुर एम्स व महात्मा गांधी अस्पताल में रखे 18 शव उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक शव को पूर्ण सम्मान एवं संवेदनशीलता के साथ उनके पैतृक गांव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गुजरात में आज मंत्रिमंडल फेरबदल

गांधीनगर, 16 अक्टूबर। गुजरात की राजनीति से बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। सरकार के कुल 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि गुजरात में भाजपा सरकार कैबिनेट का विस्तार करने जा रही है। सामने आई जानकारी

- गुरुवार को गुजरात सरकार के सभी 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया।

के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर गुजरात सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का आयोजन होगा।

इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, 2 उप मुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, गुजरात की भाजपा सरकार के कैबिनेट विस्तार में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दस में से सात अमेरिकी मानते हैं कि अमेरिका में उच्च शिक्षा गलत दिशा में जा रही है

### इन लोगों का मानना है कि उच्च शिक्षा बहुत महँगी है, बहुत कट्टर विचारधारा पनपाती है और विद्यार्थियों को असली दुनिया में सफलता पाने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं करती

- दोनों मुख्यधारा की पार्टियाँ, डैमोक्रेट और रिपब्लिकन, इस बारे में एकमत हैं कि उच्च शिक्षा की दशा व दिशा बदलनी चाहिए।
- पर इन दोनों पार्टियों के नेताओं में भारी मतभेद है कि यह खराब स्थिति कब और किन कारणों से पैदा हुई है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। कभी दुनिया में "स्वर्ण मानक" माने जाने वाले अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान अब बढ़ते अविश्वास के संकट का सामना कर रहे हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, 10 में से 7 अमेरिकी (लगभग 70 प्रतिशत) मानते हैं कि देश के कॉलेज और विश्वविद्यालय "गलत दिशा" में जा रहे हैं – यह 2020 के 56 प्रतिशत के आंकड़े की तुलना में तीव्र बढ़ोतरी दर्शाता है। कभी राष्ट्रीय गौरव और अवसर के प्रतीक रहे विश्वविद्यालय अब अत्यधिक महंगे, वैचारिक रूप से कठोर और वास्तविक जीवन में सफलता की तैयारी में अक्षम माने जा रहे हैं।

22 से 28 सितंबर, 2025 के बीच 3,445 अमेरिकी वयस्कों पर किए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित ये निष्कर्ष "द्विदलीय सहमति" एक दुर्लभ बिन्दू देखने को मिला यह था मोहभंग। उम्र, आय और राजनीतिक पहचान से परे, अधिकांश अमेरिकियों का मानना है कि देश की उच्च शिक्षा प्रणाली में कुछ बुनियादी खामियां है। हालांकि, इस साझा असंतोष के कारण राजनीतिक दृष्टिकोण के अनुसार अलग-अलग हैं।

सर्वेक्षण का समय भी राजनीतिक रूप से अहम है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने विश्वविद्यालयों पर निगरानी कड़ी करने के कदम उठाए हैं – नौ संस्थानों से यह अपेक्षा करते हुए कि वे संघीय फंड्स तक विशेष पहुंच के बदले कुछ नीतिगत बदलाव करें। इस प्रस्ताव ने शिक्षा जगत में सरकारी हस्तक्षेप को लेकर बहस छेड़ दी है।

अमेरिकियों की असंतुष्टि लगभग हर पहलू में झलकती है। लगभग 79 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि कॉलेज और विश्वविद्यालय ट्ययूशन फीस को किफायती बनाए रखने में "सामान्य या खराब" प्रदर्शन कर रहे हैं – जो छात्रों और परिवारों के लिए सबसे बड़ी चिंता है। कॉलेज में पढ़ाई की औसत वार्षिक लागत अब 30,000 से अधिक हो चुकी है, जिससे बहुत से लोग खुद को उस सीढ़ी से बाहर महसूस कर रहे हैं जो कभी आर्थिक उन्नित का सबसे सुनिश्चित रास्ता मानी जाती थी।

खर्च वहन करने से आगे, अब विश्वविद्यालयों के "मूल उद्देश्य" पर भी सवाल उठ रहे हैं। आधे से अधिक वयस्कों (55 प्रतिशत) का मानना है कि कॉलेज छात्रों को अच्छी नौकरियों के लिए तैयार करने में कमजोर हैं, जबकि 52 प्रतिशत कहते हैं कि वे ज़रूरतमंद छात्रों को पर्याप्त आर्थिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केरल में सिर्फ दो घंटे पटाखे चलने की अनुमति

तिरुवनंतपुरम, 16 अक्टूबर। केरल में आगामी दिवाली पर सिर्फ दो घंटे हरित पटाखों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गयी है।

केरल के गृह विभाग ने दिवाली के दौरान पटाखों और संबंधित विस्फोटकों

- केरल के गृह मंत्रालय ने कहा दो घंटे में भी सिर्फ ग्रीन पटाखे ही चलाए जा सकते हैं।

के उपयोग के संबंध में नैशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के अनुसार जारी दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश दिए हैं।

गृह विभाग के निर्देश में कहा गया है कि केवल हरित श्रेणी के पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी तथा इसके लिए समय सीमा दो घंटे रात आठ बजे से 10 बजे तक निर्धारित की गयी है।

## 'कोटपुतली नगर निगम ने जानबूझकर गोलमोल जवाब दिया, जिससे यह साफ नहीं होता कि सड़क चौड़ी करने की प्रक्रिया में कानून का पालन किया गया था या नहीं'

### हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत अंतिम निर्णय सुनाने से पूर्व सरकार को नया जवाब देने का अवसर देना चाहती है

- कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस.पी. शर्मा और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 नवम्बर की तारीख दी है।
- यह मामला वर्ष 2021 में कोटपुतली नगर पालिका द्वारा राजमार्ग नम्बर 8 से विवेकानंद स्कूल तक के रास्ते को चौड़ा करने के लिए सड़क किनारे के मकानों व दुकानों को तोड़े जाने से संबंधित है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2023 में कोटपुतली को जिला बना दिया गया था, उससे कुछ अर्सा पूर्व वहाँ नगर परिषद की जगह नगर निगम बना दिया गया था।
- कोटपुतली नगर निगम ने अदालत में प्रस्तुत अपने जवाब में नगर परिषद की कार्यवाही सही ठहराने के लिए कोई दलील नहीं दी है।

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 16 अक्टूबर। कोटपुतली में पिछली गहलोत सरकार के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2021 में तत्कालीन नगर परिषद द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने के नाम पर करीब 150 मकानों को अवैध रूप से तोड़ने के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। इस मामले की सुनवाई कार्यकारी मुख्य न्यायधीश एस.पी. शर्मा और न्यायधीश बलजिंदर सिंह संधू के समक्ष हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कोटपुतली नगर निगम द्वारा प्रस्तुत जवाब पर कड़ी टिप्पणी की व कहा कि जवाब जान बूझ कर अस्पष्ट और गोलमोल दिया है और जवाब से कभी भी यह स्पष्ट नहीं होता कि तत्कालीन नगर निगम परिषद ने कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए 60 फीट चौड़ी सड़क को 80 फीट तक चौड़ी करने के लिए सही कानूनी प्रक्रिया अपनाई भी थी या नहीं क्योंकि सड़क की चौड़ाई बढ़ाने से पहले तत्कालीन नगर परिषद को उस सड़क के दोनों ओर रह रहे निवासियों और दुकानदारों को सूचित करना था, उनसे आपत्तियां आमंत्रित करने थे और तोड़ फोड़ करने से पूर्व उपयुक्त मुआवजा भी तय करना था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि तत्कालीन नगर निगम परिषद द्वारा तोड़ फोड़ की कार्यवाही प्रथम दृष्टया गैर कानूनी और बिना कानूनी मंजूरी के की गई है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अपना अंतिम निर्णय सुनाने से पहले वह महाअधिवक्ता को अवसर देना चाहती है कि वह नया जवाब प्रस्तुत करे और दस्तावेज भी प्रस्तुत करे। अदालत ने इस मामले की अगली तारीख 6 नवंबर तय की है।

जैसा कि विदित है कि वर्ष 2021 में कोटपुतली नगर परिषद ने जयपुर दिल्ली के बीच बने राज मार्ग नंबर 8 से विवेकानंद स्कूल तक जा रहे लम्बवत रस्ते पर करीब 150 मकानों और दुकानों को ध्वस्त किया था। इस कार्यवाही के पूर्व कई याचिकाकर्ताओं ने अदालत से अंतरिम रोक के लिए गुहार करी थी क्योंकि स्थानीय प्रशासन ने सड़क की चौड़ाई बरकरार रखने के लिए अस्थाई अतिक्रमण हटाने के संबंध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिहार में कांग्रेस की पहली लिस्ट घोषित

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी पहली सूची जारी की है, जिसमें कुल 48 उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं।

- पहली लिस्ट में 48 उम्मीदवारों के नाम दिए गए हैं।

पहले चरण के लिए 21 उम्मीदवारों और दूसरे चरण के लिए 27 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। पर अभी सीट शेयरिंग का एलान नहीं हुआ है।

इस लिस्ट में पार्टी ने बिहार के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान, अजीत कुमार शर्मा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस नेखगड़िया से मौजूदा विधायक का टिकट काट कर चंदन यादव को टिकट दिया है। सूची में कई अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीटों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।

## विचार बिन्दु

अशिक्षित रहने से पैदा ना होना अच्छा है, क्योंकि अज्ञान ही सब विपत्ति का मूल है। अज्ञानी के लिए खामोशी से बढ़कर कोई चीज़ नहीं और यदि उसमे यह समझाने की बुद्धि हो तो वह अज्ञानी नहीं रहेगा। –शेख सादी

# आरक्षण कब तक?

भारतीय संविधान के प्रियम्बल (उद्देशिका), जो संविधान की आत्मा है तथा संविधान को जानने की कुंजी है, में यह उद्घोषणा की गई है कि भारत के नागरिकों को गणतंत्र में जो प्रभुता सम्पन्न, सामाजिक व धर्मनिरपेक्ष है वह सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय देगा। नागरिकों के मध्य समता, समानता तथा समरसता तथा बंधुत्व की भावना होगी। संविधान में व्यवस्था की कि किसी के साथ जाति, रंग, धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं होगा। सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अपने धर्म के अनुसार आराधना, पूजा व उसे मानने की स्वतंत्रता होगी और प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीने का मूल अधिकार होगा। संविधान ने सामाजिक न्याय को आर्थिक व राजनैतिक न्याय से प्राथमिकता दी गई। आरक्षण सामाजिक न्याय के आधार पर है, आर्थिक आधार पर नहीं, क्योंकि दलितों के साथ समाज का तथाकथित उच्च वर्ग पशुता तथा क्रूरता का व्यवहार था, उनका जीवन नारकीय बना रखा था। 103वें संविधान संशोधन से 2019 में अतिरिक्त आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोरों के लिए 10 प्रतिशत किया गया। आजादी से पूर्व जब दलित हरिजन गांव में सफाई करने निकलता था तो उसे गले में घंटी बांधकर बजाते हुए निकलना होता है ताकि समीप चलने वालों पर उनकी छाया से तथाकथित उच्च जाति के लोग उसकी छाया से अपवित्र न हो।

आजादी के बाद संविधान व कानूनों के प्रावधान तथा उच्चतम न्यायालय के निर्णयों के आधार पर, आज पिछड़ों का एक वर्ग आरक्षण के लाभ के सहारे पिछड़ा नहीं रहा वह क्रीमीलेयर का व्यक्ति हो गया और उसे आरक्षण से बाहर होना चाहिये था; क्योंकि वह विधायक, सांसद, आइएएस, आरएएस, प्रोफेसर, टीचर आदि बन गया; किन्तु अति पिछड़ा, अति अति पिछड़ा जो आज भी एक बड़ी संख्या में हैं, वे आज भी जीवन पूर्ववत् की भांति जी रहे हैं, जबकि आरक्षण के अधिकारी थे। पिछडे़पन का लाभ कुछ जातियों तक सीमित होकर रह गया। भारत सरकार ने सन् 1965 में एक एडवायजरी कमेटभ् इस वस्तुस्थिति को स्पष्ट करने के हेतु लोकुर कमेटी बनाई थी, उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा की थी कि आरक्षण धीरे-2 समाप्त किया जाना चाहिये। देबर कमेटी का भी यही विचार था कि जो अधिक पिछड़ा है उसे ही आरक्षण का लाभ मिलना चाहिये। आरक्षण का लाभ लेकर कई विधायक/सांसद कई बार चुनाव जीत कर भी तथा भारी पेंशन लेकर भी पिछड़े ही माने जा रहे हैं। यह विरोधाभास समझ से परे है।

जो जाति अथवा जनजाति पिछड़ेपन के आरक्षण से लाभ प्राप्त कर चुकी हैं, वह अनुसूची से बाहर होनी चाहिए। ऐसे लोगों को क्रीमीलेयर के नाम से जाना जाता है। इस शब्द अथवा एक्सप्रेशन का नाम जस्टिस कृष्णा अय्यर ने स्टेट ऑफ केरल बनाम एन.एम. थोमस 1976 (2) एस सी सी 310 में किया है। बाद के सभी निर्णयों में इस शब्द का प्रयोग सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में किय गया है। इन्द्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया 1992 एससीसी सप्लीमेंट (3) 217 में सर्वोच्च न्यायालय अपने उक्त निर्णय में यह करार दिया कि आरक्षण का लाभ प्रत्येक पिछड़ों को तथा अति पिछड़े हैं, उन्हें मिलना चाहिए और सरकार से अनुशंषा की कि ओबीसी की सूची से इन्हें अलग करे। इसी प्रकार एम. नागराज बनाम यू. ऑफ इण्डिया 2006(8) एससीसी 1, यू.पी. पावर कोर्पोरेशन बनाम राजेश कुमार 2012(7) एससीसी व अशोक कुमार ठाकुर के केस 2008 (6) एससीसी आदि के निर्णयों में यह कहा गया कि पिछड़ों में जो क्रीमीलेयर में उंचाई तक पहुंच चुके हैं, उन्होंने पिछड़ों व अति पिछड़ों को अत्यन्त निर्बल कर दिया है और मलाई को वे चाट गए हैं लोकुर कमेटी ने जोर देकर कहा कि 67 वर्षों के बाद यह कहा जा सकता है कि सभी पिछड़े अब पिछड़े नहीं रहे। इस कारण जो वस्तुत: पिछड़े रहे हैं केवल वे ही जो अनुसूची में है, आरक्षण की प्राप्ति के संवैधानिक रूप से अधिकारी हैं और मलाई खाने वाले व्यक्ति आरक्षण के लाभ को प्राप्त नहीं कर सकते।

उपरोक्त सिद्धान्त को हम संविधान के अनुच्छेद 46 के संदर्भ में देखतें तो पायेंगे कि राज्य सभी पिछड़ों को जो अनु. जाति व अनु. जनजाति की अनुसूचियों में हैं, उन्हीं के अधिकारों को सुरक्षित रख सकती है।

इमें इस विषयवस्तु को समझने के लिए जो संशोधन 16(4)(ए) व 16(4)(बी) तथा अनुच्छेद 335 के संदर्भों में भी परखना होगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एम नागराज के केस में इन संशोधनों को संवैधानिक माना, परन्तु राज्य की इनेलिविंग शक्ति को आरक्षण के लाभ को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को प्राप्त हो उसके लिए अनुच्छेद 335 के संदर्भ में यह स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए तीन बातों को सिद्ध करना होगा कि (1) क्या वह अभी भी पिछड़ा है (2) क्या उस जाति का प्रतिनिधित्व पब्लिक एम्पलॉयमेंट में अपर्याप्त है और (3) क्या आरक्षण का लाभ पाये गए अधिकारियों के कारण सरकार के कार्य की गुणवत्ता में कमी तो नहीं आई है। एक उदाहरण से इसे स्पष्ट करना चाहूंगा। एक अस्पताल के सर्जरी विधान के विभाग में अधिकांश डॉक्टर आरक्षक के कारण डॉक्टर बने हैं, तो उनकी गुणवत्ता अच्छे नम्बरों से प्राप्त डॉक्टरों के बराबर हो ही नहीं सकती।

> **विवरण से स्पष्ट होगा कि देश की प्रत्येक राजनीतिक पार्टी का जिनका शासन रहा, उन्होंने संविधान की अवज्ञा की है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की भी अवज्ञा की है। संविधान के अनुच्छेद 334 के तहत् संविधान संशोधनों की वैधता को चुनौती देनी वाली याचिकायें 20 वर्षों से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में त्वरित न्याय की प्रतीक्षा में लम्बित हैं।**

एम नागराज का केस, बाद में नायर सर्विस सोसाइटी बनाम स्टेट ऑफ केरल 2007 (4) एससीसी, स्पष्ट कर दिया कि क्रीमीलेयर वालों को अनुसूचि से हटा दिया जाना चाहिए।

संविधान के भाग 16 में कुछ वर्गों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध है। अनुच्छेद 334 के अनुसार संविधान लागू होने के 10 वर्षों की समाप्ति पर लोकसभा में और राज्यों की विधानसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों के आरक्षण के प्रावधान प्रभावी नहीं रहेगा अर्थात् स्वत: ही समाप्त (ब्मेंम) हो जावेगा। प्राणहीन होगा। गणतंत्र में चुनाव के लिये खड़ा होना संविधान के मूल ढांचे का आधार है। कुछ वर्षों पूर्व के आंकड़ों के अनुसार 120 लोकसभा सीट्स व 1090 विधानसभा की सीट्स ऐसी हैं जहां देश के नागरिक को स्वेच्छा से खडे होने की स्वतंत्रता आरक्षित सीटों के कारण नहीं थी। इस प्रकार 18 करोड देश के व्यक्ति चुनाव लड़ने के अधिकार से जो उनका संवैधानिक अधिकार है वंचित कर दिये गये; किन्तु देश का दुर्भाग्य था कि देश की सभी राजनीतिक पार्टियों ने जिनका भी शासन रहा, उन्होंने अनुच्छेद 334 में संशोधन किया। जबकि जो प्रावधान दिनांक 25.01.1960 के पश्चात स्वत: ही लुप्त होने वाला था, उसे अवैध रूप से संशोधन के द्वारा पुन: 10 वर्ष के लिये और बढ़ा दिया गया। गणित का नियम है कि शून्य में से शून्य न तो घटाया जा सकता है और न बढ़ाया जा सकता है। शून्य में शून्य निकालो तो शून्य ही आवेगा। अनुच्छेद 334 में जहां 10 वर्ष की अवधि का उल्लेख है वहां 20 वर्ष किया गया इसे 8वां संविधान संशोधन एक्ट 1959 से दिनांक 05.01.1960 से प्रभावी किया गया; जो असंगत है। इसी प्रकार प्रत्येक 10 वर्ष पूरे होने से पूर्व संविधान संशोधन किये जाते रहे हैं। ये सभी संशोधन अवैध और प्रभावहीन हैं। वस्तुत: संविधान 8वां संशोधन अधिनियम स्वयं ही अवैध था। अनुच्छेद 334 की मंशा थी कि 10 वर्ष पश्चात् यह स्वत: ही निष्प्राण होगा। समय से पूर्व संशोधन कर 10 वर्ष की अवधि को बढ़ाना संविधान को दुबारा लिखना था। संविधान के निर्माताओं का दृढ़ संकल्प था कि सीटों का आरक्षण 10 वर्ष से अधिक का नहीं दिया जाना चाहिये; क्योंकि इस आरक्षण के कारण देश के अन्य नागरिकों को चुनाव में खड़े होने के अधिकार से वंचित किया जाता है। शिक्षा संस्थानों व सरकारी नौकरी में जो आरक्षण दिया गया है जिसमें ओबीसी शामिल हैं उन पर समय की सीमा का कोई बन्धन नहीं है; किन्तु उसकी भी कोई सीमा होनी चाहिये। आजादी के 75 वर्षों के बाद तक हम सभी नागरिकों को समानता का धरातल नहीं दे पाये। अधिकांश पिछड़े वहीं पर खडे.हैं, जहां वे प्रारम्भ थे। शासन की असफलता का यह अकाट्य प्रमाण है।

आइये हम मिलकर अनुच्छेद 334 के इतिहास को समझने का प्रयत्न करें तो हम इसी नतीजे पर आयेंगे कि इसकी अवधि जो 10 वर्ष की निश्चित थी उसे बढ़ाने का कोई अर्थ ही नहीं था।

संविधान का अनुच्छेद 334, संविधान के प्रारंभिक प्रारूप में अनुच्छेद 295(ए) था इसमें यह व्यवस्था रखी थी कि स्थानों (सीट्स) के आरक्षण व विशेष प्रतिनिधित्व का आरक्षण 10 वर्ष के पश्चात् नहीं रहेगा। सदस्य श्री युधिष्ठिर मिश्रा ने यह प्रस्ताव रखा कि "अनुसूचित जनजाति" की शब्दावली को लुप्त कर दिया जावे अर्थात् इनका आरक्षण 10 वर्ष तक सीमित न रखा जावे। श्री एस नागप्पा ने एक परन्तुक जोड़कर यह तरमीम का सुझाव दिया कि अन्य उन्नत श्रेणी के व्यक्तियों की भांति सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक दृष्टि से इनको आगे लाकर समता का धरातल दिया जावे। श्री मुनी स्वामी पिल्लई व डा. मनमोहन दास ने सुझाव दिया कि जब तक अन्य व्यवस्था पार्लियामेन्ट द्वारा न हो यह आरक्षण चालू रहे। यह भी सुझाव था कि जब तक शिक्षा, सामाजिक व्यवस्था व आर्थिक दृष्टि से ये अन्य जातियों के बराबर न आ जावें यह व्यवस्था चलती रहे। किन्तु डा. अम्बेड़कर ने यह कहकर सब सुझाव खारिज कर दिये कि ये सुझाव (तरमीम) स्वीकार नहीं किये जा सकते। उन्होंने यह भी कहा कि 10 वर्ष की अवधि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों ने सुझाई थी। ब्रिटिश राज्य के समय में जो आरक्षण 20 वर्ष का था वह भी 1952 में समाप्त हो गया था।

देश का कोई भी नागरिक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के विरूद्ध नहीं है। उनके विरूद्ध जो हमारा आचरण रहा, उसके फलस्वरूप यह सरकार का कर्त्तव्य था कि वे उनकी शिक्षा, सामाजिक सुधार व आर्थिक उन्नति के हेतु कार्यक्रम तैयार कर उन्हें समता प्राप्त कराने में सहयोग देते, किन्तु सरकार पिछड़े समुदायों का भला कर पाने में विफल रही है और वह भी वोट की राजनीति के कारण। संविधान लागू होने से आज तक इनके भाग्य में कोई परिवर्तन नहीं आया। आज भी वे अशिक्षित है, अभावग्रस्त है। समाज ने अभी भी उन्हें पूर्ण रूप में नहीं अपनाया है अर्थात राजनीतिक पार्टीज ने अथवा सरकार ने उनके उत्थान के लिये जो कार्य करना था नहीं किया है, केवल मात्र आरक्षण का लाभ दिलाने की बात कह कर अपने वोट पक्के करने का प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टीज आरक्षण के नाम पर समाज को जातियों के रूप में बांटकर, अपना वोट बैंक बनाने में लगी हुई हैं।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होगा कि देश की प्रत्येक राजनीतिक पार्टी का जिनका शासन रहा, उन्होंने संविधान की अवज्ञा की है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की भी अवज्ञा की है। संविधान के अनुच्छेद 334 के तहत् संविधान संशोधनों की वैधता को चुनौती देनी वाली याचिकायें 20 वर्षों से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में त्वरित न्याय की प्रतीक्षा में लम्बित हैं।

देश के सामने यक्ष प्रश्न है, देश के पिछड़ों को समानता का अधिकार कब प्राप्त होगा? आरक्षण कब खत्म होगा?

सबको सन्मति दे भगवान् !

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# सुदूर भूमि पर भारतीय संस्कृति के स्वर

## लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा, सावरकर हाऊस, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक स्थल समेत नवरात्रा महोत्सव और रामलीला मंचन ये सभी भारतीय सनातन संस्कृति की धरोहरें हैं जो वैश्विक मानवता को दिशा दे रही है



डॉ. लोकेश चन्द शर्मा

- **राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की संसदीय परम्पराओं के अध्ययन और राष्ट्र मण्डल संसदीय सम्मेलन के लिए यू.के. और बारबाडोस यात्रा में भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान का दर्शन जीवंत हुआ है**
- **डॉ. भीम राव अंबेडकर के न्याय और समानता के विचार को आकार देने वाले लंदन स्थित अंबेडकर हाउस संग्रहालय का राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अवलोकन किया**



वासुदेव देवनानी

लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा, सावरकर हाऊस, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक स्थल, ब्रिटिश नेशनल पोर्ट्रेट गैलेरी में मां सरस्वती का चित्र, बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह का ऑयल पोर्ट्रेट, ब्रिटिश संसद के सेन्ट स्टीफन हॉल में सर थॉमस रॉ एट दी कोर्ट ऑफ अजमेर 1614 की पेन्टिंग, बारबाडोस संसद में स्पीकर की इंडियन चेयर के साथ विदेशी धरती पर नवरात्रा महोत्सव और रामलीला मंचन, ये सभी भारतीय सनातन संस्कृति की धरोहरें हैं जो वैश्विक मानवता को दिशा दे रही है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की संसदीय परम्पराओं के अध्ययन और राष्ट्र मण्डल संसदीय सम्मेलन के लिए यू.के. और बारबाडोस यात्रा में भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान का दर्शन जीवंत हुआ है।

**सावरकर हाऊस-** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारत के क्रांतिकारी आंदोलन का केंद्र रहे सावरकर के हाउस को लंदन यात्रा के दौरान देखा। देवनानी ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों से जुड़े इस ऐतिहासिक स्थान पर रहकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ओजस्वी एवं क्रांतिकारी विचारक श्री वीर विनायक दामोदर सावरकर ने 1857 का स्वतंत्रता समर पुस्तक का लेखन किया

**अंबेडकर हाउस संग्रहालय-** डॉ. भीम राव अंबेडकर के न्याय और समानता के विचार को आकार देने वाले लंदन स्थित अंबेडकर हाउस संग्रहालय का राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अवलोकन किया। भवन के भूतल पर डॉ. अंबेडकर की कांस्य प्रतिमा स्थापित है। लगभग एक घंटे तक देवनानी ने म्यूजियम में रह कर वहां डॉ. अंबेडकर के दुर्लभ साहित्य का अध्ययन किया।

**लंदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा :** लंदन में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लगी हुई है। गांधी जी केवल भारत के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका सत्य, अहिंसा और नैतिकता पर आधारित जीवन आज भी विश्व के लिए मार्गदर्शक है। गांधी जी की प्रतिमा लंदन जैसे शहर में स्मरण कराती है कि भारत की कार्य शैली करुणा, शांति और सत्य पर आधारित है। आज जब विश्व अनेक संघर्षों से गुजर रहा है, तब गांधी जी के सिद्धांत मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ हैं।

**महाराजा गंगा सिंह के ऐतिहासिक ऑयल पेंटिंग पोर्ट्रेट :** ब्रिटिश नेशनल पोर्ट्रेट गैलरी में बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह के ऐतिहासिक ऑयल पेंटिंग पोर्ट्रेट लगी हुई है। इस चित्र को ब्रिटिश चित्रकार सर जॉन लेवरी ने वर्ष 1921 में तैयार किया था। चित्र में महाराजा गंगा सिंह को राजसी परिधान और ब्रिटिश फील्ड मार्शल्स यूनिफॉर्म में दर्शाया गया है, जो उस कालखंड में एक भारतीय शासक के वैश्विक प्रभाव और नेतृत्व का प्रतीक है।

**भारतीय संस्कृति की जड़े सीमाओं से परे भी :** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन में आयोजित भव्य रामलीला मंचन को देखा। रामलीला मंचन कार्यक्रम का आयोजन साउथ लंदन में ओवरसीज फ्रेंड्स द्वारा किया गया। विदेश में रामलीला का मंचन देखकर देवनानी अभिभूत हो गये। उन्होंने वहां उपस्थित भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की इस अलख को विश्व में जगाए रखें।

**अजमेर की पेंटिंग :** स्पीकर देवनानी ने ब्रिटिश संसद के सेन्ट स्टीफन हॉल में सर थॉमस रॉ एट द कोर्ट ऑफ अजमेर 1614 की पेंटिंग को देखा। यह पेंटिंग द बिल्डिंग ऑफ ब्रिटेन नामक कलाकृति श्रृंखला में लगी हुई आठ बड़ी पेंटिंग का हिस्सा है। यह पेंटिंग ब्रिटिश भारत के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है और सदियों पुराने भारत ब्रिटेन संबंधों की याद दिलाती है।

**किंग्सटन ओवल क्रिकेट स्टेडियम :** बारबाडोस प्रवास के दौरान वासुदेव देवनानी ने किंग्सटन ओवल क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण और अवलोकन किया। इस स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए रोमांचक मैच में भारत विजेता बना था। मैदान पर भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का स्मरण उनके लिए गौरव और प्रेरणा का सुनभव है।

**बारबाडोस संसद :** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के दौरान बारबाडोस संसद का अवलोकन किया। यह लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा को करीब से देखने का प्रेरणादायी अवसर था। बारबाडोस संसद में स्पीकर चेयर भारत द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान की गई थी। देवनानी ने कहा कि यह भारत और बारबाडोस के बीच ऐतिहासिक मित्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों और साझा विरासत का प्रतीक है।

**राउंड टेबल डिस्कशन में साझा हुए सार्थक मुझाव :** सम्मेलन में आयोजित राउंड टेबल डिस्कशन में विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान मुख्य रूप से संस्थाओं की वित्तीय स्वायतता, संसदीय समितियों की भूमिका एवं प्रभावशीलता, महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, संस्थागत पारदर्शिता और उत्तरदायित्व, तकनीकी नवाचार और जनसहभागिता विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

**प्रवासी भारतीयों से चर्चा :** बारबाडोस स्थित भारतीय दूतावास में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। देवनानी ने कहा कि विदेश में रहकर भी प्रवासी भारतीय, भारतीय मूल्य संस्कृति और परंपराओं से जुड़े हुए है। यह गौरव की बात है।

**सम्मेलन प्रेरणादायक :** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय उपस्थिति से भारत की संसदीय परंपरा और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता को वैश्विक मंच पर बल मिलेगा।

**डॉ. लोकेश चंद शर्मा,**
**उपनिदेशक जनसंपर्क,**
**राजस्थान विधानसभा।**

# राजस्थान में स्टार्टअप्स : नवाचार और रोजगार सृजन की नई राह

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने और उन्हें मजबूत आधार प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है



अविनाश जोशी

राजस्थान आज केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए भी तेजी से पहचाना जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने और उन्हें मजबूत आधार प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के युवा न केवल रोजगार पाने वाले बनें, बल्कि स्वयं रोजगार देने वाले भी बनें। इसी दृष्टि से शुरू किए गए आईस्टार्ट राजस्थान कार्यक्रम ने कुछ ही वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं।

आईस्टार्ट राजस्थान आज प्रदेश में नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजन और निवेश आकर्षित करने का एक सशक्त मंच बन चुका है। इस कार्यक्रम से अब तक 6 हजार 600 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें 2 हजार 419 महिला उद्यमी भी शामिल हैं। यह महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पंजीकृत स्टार्टअप्स ने न केवल 41 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है, बल्कि प्रदेश में उद्यिमता की संस्कृति को भी नई दिशा दी है। साथ ही, लगभग एक हजार करोड़ रुपये का निवेश वेंचर कैपिटलिस्ट्स, एंजेल इन्वेस्टर्स और हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स से प्राप्त हुआ है। परिणाम स्वरुप राजस्थान निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रदेश सिद्ध हो रहा है।

भजनलाल सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के साथ ही आवश्यक आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य से अब तक 1,140 से अधिक चयनित स्टार्टअप्स को लगभग 52 करोड़ 20 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। यह वित्तीय सहयोग युवा उद्यिमयों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपने विचारों को धरातल पर उतारने की क्षमता भी प्रदान करता है। स्टार्टअप्स की सफलता केवल विचारों तक सीमित नहीं रहती। इसके लिए ठोस बुनियादी ढांचा और निरंतर मार्गदर्शन की भी आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, पाली, चूरू और अजमेर में 9 शैक्षिणक संभाग स्तरों पर इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए हैं।

इनक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप्स को नि:शुल्क स्पेस, कनेक्टिविटी, कंप्यूटर हार्डवेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर, मेंटरशिप, मार्केट कनेक्ट, निवेशकों से जुड़ाव और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का एक्सपोजर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अब तक लगभग 2 हजार 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने इस इनक्यूबेशन प्रोग्राम का लाभ उठाया है और अपने विचारों को व्यवहारिक रूप दिया है।

राज्य सरकार ने एक और अभिनव कदम उठाते हुए स्टार्टअप्स को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभागों द्वारा 25 लाख रूपये तक के कार्यादेश बिना टेंडर प्रक्रिया के जारी करने की व्यवस्था की है। इस प्रावधान से अब तक 158 स्टार्टअप्स को लगभग 28 करोड़ रूपये के कार्यादिश प्रदान किए जा चुके हैं। इससे न केवल स्टार्टअप्स को शुरुआती ऑर्डर मिलने में आसानी हुई है, बल्कि उन्हें बाजार में अपनी पहचान बनाने का अवसर भी मिला है।

प्रदेश में उद्यिमता की जड़ें केवल शहरों तक ही सीमित न रहें, बल्कि गांव-गांव और कस्बों तक फैलाने की सोच के साथ सरकार ने 'आईस्टार्ट लॉन्चपेड नेस्ट योजना' शुरू की। इसके तहत 33 जिलों में प्रत्येक जिले के एक विद्यालय और एक महाविद्यालय में लॉन्चपेड स्थापित किए गए हैं। इस पहल से अब तक 2 हजार 900 से अधिक आउटरीच सत्रों के माध्यम से एक लाख से अधिक छात्रों को उद्यिमता और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ा गया है।

यह पहल आने वाली पीढ़ी में आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम बन रही है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की स्थानीय प्रतिभाओं, संस्कृति और संसाधनों को प्रोत्साहित करने तथा तकनीकी रोजगार सृजन को गति देने के लिए राज्य सरकार ने 'एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी' लागू की है। इस नीति का उद्देश्य एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे नए क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार और स्टार्टअप अवसर उपलब्ध कराना है।

इस नीति से न केवल रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि राजस्थान इस क्षेत्र में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान एक नए औद्योगिक और उद्यमी युग में प्रवेश कर रहा है। सरकार का फोकस केवल पारंपरिक रोजगार के अवसरों पर नहीं है, बल्कि युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने पर है।

राज्य सरकार का यह संकल्प है कि राज्य के हर जिले, हर गांव और हर कस्बे में नवाचार की गूंज सुनाई दे। 'आईस्टार्ट' जैसे कार्यक्रम केवल योजनाएं नहीं हैं, बल्कि यह उस नए राजस्थान की झलक है, जहां युवा अपनी प्रतिभा के बल पर आत्मनिर्भर देश के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। यह पहल आने वाले समय में राजस्थान को स्टार्टअप हब बनाने के साथ-साथ देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**अविनाश जोशी,**
**शिक्षाविद्।**

## राशिफल शुक्रवार 17 अक्टूबर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, भद्रा नक्षत्र दिन 1:58 तक, शुक्ल योग रात्रि 1:49 तक, बालव करण दिन 11:13 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मिथुन, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 11:13 तक है। सर्वार्थ सिद्धि और राजयोग दिन 1:58 से सूर्योदय तक है। महापात योग दिन 12:46 से सायं 4:51 तक है। आज कार्तिक संक्राति, सूर्य तुला में प्रवेश दिन 1:46 पर होगा। पुण्य काल प्रात: 7:22 से आरम्भ होगा। आज रमा एकादशी व्रत, गोवत्स द्वादशी व्रत पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:56 तक, लाभ अमृत 7:56 से 10:46 तक, शुभ 12:11 से 1:36 तक, चर 4:26 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:53

### मेष




आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

### वृष




घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### कन्या




आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि का भय है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### तुला




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### धनु




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### कुंभ



घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




अधिकृत डीलर: कोटा: कोटा हीरो, 9289922193, 6367380041, चम्बल हीरो, 9289923012, 2504062, बूंदी: शिवम हीरो, 9289922540, बारां: के.के. हीरो, 9289923200, झालरापाटन: महादीप हीरो, 9289232404, एसोशिएट डीलरः कोटा: कोटा मोटर कम्पनी प्रा.लि., 9289922193, चम्बल मोटर्स प्रा.लि., 9214036062, 9214436023, 9116160555, रामगंज मण्डी: बगडिया ऑटो सेल्स, 8690937703, अकलेरा: सोनू मोटर्स, 9414194741, केशवरायपाटन: गोपाल मोटर्स, 7014418006, छाबड़ा: एम.के. मोटर्स, 8003169644, कैलाश मोटर्स, 9166171616, छीपाबडौद: स्पीड लिंक आटो, 9462491317, नैनवाँ: जैन आटोमोबाईल्स, 9460194414, नाहरगढ़: शुभम मोटर्स, 9521511336, अन्ता: हुसैन मोटर्स, 9694816652, सुल्तानपुर: नामा सेल्स कॉर्पोरेशन, 6378910321, एक्सटेंशन काउंटर- कोटा: चंबल ऑटोमोटिव (श्रीनाथपुरम), 9289923012, डाबी: हरसोरा मोटर्स, 9610446556, तालेड़ा: गुरुकृपा इंटरप्राइजेज, 9929134999, देई: धाकड़ ऑटोमोटिव, 9549850666, कवाई सालपुरा: एसएस तिवारी मोटर्स, 9929191766, हरनावदा शाहजी: आर.डी. तिवारी मोटर्स, 9571887243, (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बारां: के.के. मोटर्स, 9289923200.

# नाकाबंदी कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हुए कार सवार तस्कर

## कार से 316 किलो डोडा-चूरा बरामद, छह अलग-अलग नम्बरों की प्लेटें भी जब्त

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन गरूड़ व्यूह के तहत नाकाबंदी कर रखी थी। पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार सवार तस्करों ने फायरिंग की। पुलिस टीम को देखकर बदमाश फायरिंग करते हुए बोरावास के जंगलों में फरार हो गये। पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए कार को जब्त कर कार से अवैध मादक पदार्थ 316 किलो डोडा चूरा को बरामद किया एवं जंगलों में फरार बदमाशों की तलाश की।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये ऑपरेशन गरूड़ व्यूह अभियान चलाया जा रहा है। उसी अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू मय जाप्ता रावतभाटा -कोटा हाईवे पर बोरावास में नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। पुलिस नाकाबंदी के दौरान रावतभाटा की तरफ से आती हुए कार चालक ने पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार को वापस घुमाने की कोशिश की।


आरकेपुरम पुलिस टीम ने कार से 316 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया।

शहर एसपी ने बताया कि मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने कार को घेरकर रूकवाना चाहा तो कार चालक ने कार को नाली में उतारकर कार में सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और फायर करते हुए बोरावास के जंगलों में फरार हो गये। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर संदिग्ध कार की तलाशी ली तो कार में 18 प्लास्टिक के कट्टे मिले जिसकी तलाशी लेने पर टीम ने 316 किलो 690 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा को बरामद किया। पुलिस टीम ने कार में तलाशी के दौरान कार में छह अलग-अलग नम्बरों की फर्जी नम्बर प्लेटे भी जब्त की। मामले में फरार तस्करों की तलाश जारी है।

■ फायर करते हुए कार सवार तस्कर बोरावास के जंगलों में फरार हो गये, तलाश जारी

# वंडर सीमेंट फैक्टरी में भीषण आग लगी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के पारेवर इलाके में स्थित वंडर सीमेंट फैक्टरी में देर रात भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले फैक्टरी के लेबर कैंप क्षेत्र में लगी। जहां से लपटें तेजी से फैलती हुई अन्य हिस्सों तक पहुंच गई। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

■ अनुमान लगाया जा रहा है कि हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है

मजदूरों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिशें शुरू की, लेकिन लपटों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकल विभाग को मौके पर रवाना करना पड़ा। प्रशासन और पुलिस की टीमें भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचकर बचाव दलों की मदद कर रहे हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग का ऑपरेशन जारी रहा। फैक्टरी परिसर में धुआं और अफरा-तफरी का माहौल है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नोखा**

क्रमांक-2064-71 दिनांक-08/10/2025

**Notice Inviting Bid-07/2025-26**

Bids for Immediate Restoration Work on Various Roads of PWD District Sub Dn Nokha-I/II Under SDRF Scheme [Flood relief Works 2025-26] are invited from interested bidders from 10.10.2025 [09:30 AM] to 21.10.2025 [06:00PM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in. eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp. rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 394.52 Lakh. &

NIB CODE NO: PWD2526A3746

UBN:- PWD2526WSOB 14077, PWD2526WSOB14078 PWD2526WS0B14079

DIPR/C/15114/2025 Executive Engineer PWD Dn. Nokha

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

पता :-राजीव गांधी भवन सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा मैदान, कोटा

E-mail :- nnksouth@gmail.com, website. Kotamc.org, Pincode :-324009

क्रमांक :-ननिको(द.)/ उद्यान /2025/9751-61 दिनांक :- 13.10.2025

**संशोधित निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री क्रय किये जाने हेतु ई-निविदा सूचना क्रमांक 9548-57 दिनांक 08.10.2025 जारी की गई थी। उक्त निविदा में निम्न अनुसार संशोधन किया जाता है।

उपरोक्त तकनीकी निविदा के दस्तावेज न. 10 को यह पढा जावे।

1. उपरोक्त निविदा में संवेदक को किसी भी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक उपक्रम निगम बोर्ड द्वारा 50 लाख की खेल सामग्री आपूर्ति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र या कार्यादेश संलग्न करना होगा।

राज.संवाद/सी/25/12300 उपायुक्त प्रथम नगर निगम कोटा दक्षिण

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/915-929 दिनांक :- 11.10.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या :45/2025-26**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों सेनिम्नांकित कार्य हेतु कुल राषि 982.00लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 13.10.2025 से दिनांक 24.10.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण के सीमा क्षेत्र के कैथूनी पॉल चौराहे से सी.ए.डी. मुख्य मार्ग सेन्टपॉल स्कूल के पास तक सी.सी. रोड निर्माण एवं केनाल पर स्टील आर.सी.सी. कम्पोजिट पुलिया निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) पुनः निविदा | 982.00 |

NIB Code No.DLB2526A7107 UBN No. DLB2526WLOB21495

राज.संवाद/सी/25/12302 अधीक्षण अभियन्ता


# तालाब में दो भाई डूबे, मौत

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र में तालाब पर नहाते समय डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को पहाड़ा थाना क्षेत्र रानावाड़ा गांव में स्थित तालाब पर नहाते समय पानी में डूबने से रानावाड़ा निवासी अजीतसिंह (14) पुत्र शंकरसिंह सिसोदिया तथा नारायणसिंह (12) पुत्र शंकरसिंह की मौत हो गई। दोनों भाई तालाब पर नहाने गए थे। हादसे की सूचना मिलने पर पहाड़ा थानाधिकारी उम्मेदीलाल मय टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों भाइयों को बाहर निकाल खेरवाड़ा चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से रेफर करने पर डूंगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# फर्जी मार्कशीट बनाने वाला पच्चीस हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में बेरोजगार छात्रों से ठगी की कई वारदात कर चुका है आरोपी

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए फर्जी मार्कशीट बनाने वाले पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसओजी की टीम ने गिरफ्तार आरोपी के पास मिले बैग से एक एचपी कंपनी का लैपटॉप,वीवो कंपनी का मोबाइल, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और अलग-अलग विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान की अंक तालिका,प्रमाण-पत्र मिले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में बेरोजगार छात्रों से ठगी की कई वारदात कर चुका हैं। एसओजी की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने फर्जी एवं कूटरचित मार्कशीट बनाने वाले पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश सौरभ सिंह (30) पुत्र सतपाल सिंह निवासी-गणियार जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है।

एसओजी एडीजी ने बताया कि भारतीय डाक विभाग ऑफिस अजमेर मंडल के प्रवर अधीक्षक ने मामला दर्ज


गिरफ्तार आरोपी

करवाया था कि डाक विभाग में जीडीएस ऑनलाइन एंगेजमेंट 2023-अनुसूची के तहत नौकरी के ऑनलाइन आवेदन-2023 में लिए गए थे। अभ्यर्थी लोकेश यादव की ओर से भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद, नई दिल्ली बोर्ड से जारी दसवीं की मार्कशीट दी। मार्कशीट की जांच की गई तो फर्जी पाई गई, जिस पर डाक विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद अभ्यर्थी लोकेश यादव निवासी भूपखेडा बहरोड जिला अलवर और उसके साथी विकास कुमार यादव व हितेश यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में फर्जी मार्कशीट सौरभ सिंह से 35 हजार रुपए में बनवाना बताया। टीम ने सौरभ सिंह को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश दी। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया। अब आरोपी पकड़ में आया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपित हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश ईत्यादी राज्यों के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनके द्वारा चाहे गये शैक्षणिक अंकतालिका, प्रमाण पत्र एवं सरकारी नौकरी में काम आने वाले विभिन्न प्रकार के डिप्लोमा डिग्री अपने लैपटॉप मे कूटरचित तैयार कर विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान के लोगो, क्यूआर कोड, गोल मोहर एवं सक्षम अधिकारी के स्केन किये गये हस्ताक्षर से जारी शुदा रंगीन प्रिंट निकालकर बेरोजगार युवाओं को आर्थिक प्रलोभन प्राप्त कर देता था। उसके कब्जे से मिले विभिन्न अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेज विभिन्न विश्वविद्यालयों के जारी शुदा शैक्षणिक दस्तावेज देखने से हुबहु संबंधित संस्थान से जारी होना प्रतीत होते थे। सौरभ सिंह द्वारा बेरोजगार युवकों से सम्पर्क साधने एवं पैसा लेने के लिये अपने साथियों के साथ एक गैंग बना रखी थी, जो बेरोजगार युवाओं को झांसे में लेकर उनसे पैसा प्राप्त कर शैक्षणिक प्रमाण पत्र सौरभ सिंह से दिलवाते थे। आरोपित सौरभ सिंह के लैपटॉप, मोबाइल फोन एवं हार्डडिस्क मे भी सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों के दस्तावेज मौजूद हैं। एसओजी की पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

■ एसओजी की टीम को लैपटॉप, मोबाइल, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और कई विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों की अंक तालिकायें व प्रमाण पत्र मिले


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांकःअअ/भीनमाल /2025-26/2224 दिनांकः 09-10-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2025-2026**

**NIB No.: PWD2526A3780**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु वार्षिक दर अनुबंध (Rate Contract) के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 28 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 747.47 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन वार्षिक दर अनुबंध निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 15 अक्टूम्बर 2025, प्रातः 9:30 बजे से 27 अक्टूम्बर 2025, सांय 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http:// eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:// eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

PWD2526WSRC14288, PWD2526WSRC14295, PWD2526WSRC14302
PWD2526WSRC14289, PWD2526WSRC14296, PWD2526WSRC14303
PWD2526W SRC14290, PWD2526WSRC14297, PWD2526WSRC14304
PWD2526WSRC14291, PWD2526WSRC14298, PWD2526WSRC14305
PWD2526WSRC14292, PWD2526WSRC14299, PWD2526WSRC14306
PWD2526WSRC14293, PWD2526WSRC14300, PWD2526WSRC14307
PWD2526WSRC14294, PWD2526WSRC14301, PWD2526WSRC14308
PWD2526WSRC14309, PWD2526WSRC14310, PWD2526WSRC14311
PWD2526WSRC14312, PWD2526WSRC14313, PWD2526WSRC14314
PWD2526WSRC14315,

(प्रदीप पंवार) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/15254/2025

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. /निर्माण/2025-26/9898 दिनांकः- 09.10.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 32/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:- DLB2526A7040 (कुल 05 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2526WSOB21272, 73, 74, 75, 76 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 149.76 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 13.10.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 13.10.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 27.10.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 28.10.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष नगर पालिका निवाई अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

राज.संवाद/सी/25/12078



**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**

जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

**ई-निविदा 10/2025-26**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा जोधपुर में स्थित अधीनस्थ इकाइयों में श्रमिकों की आपूर्ति करने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No.: JAU2526SLRC00114

राज.संवाद/सी/25/12338 नियंत्रक (वित्त)

**कार्यालय उप वन संरक्षक, करौली (राज.)**

(गढ़का की चौकी करौली, Phone & Fax No. 07464-297003, Email-dcf.kroli.forest @rajasthan.gov.in)

**ई-निविदा बोली सूचना संख्या- 06**

इस कार्यालय अधीन रेंज करौली में ऑफिस कम रेजीडेन्स निमार्ण हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। अतः इच्छुक फर्म http://sppp.raj.nic.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख कर ऑनलाईन निविदाओं में बोली लगा सकते है।

| यू बी एन नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा की दिनांक व समय | खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| UBN No.FOR2526 WSRC02461 | 11.80 | 06.10.2025 | 16.10.2025 को 4:00 बजे | 17.10.2025 को 5:00 बजे |

DIPR/C/15113/2025 (सुमित बंसल) उप वन संरक्षक करौली

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड-II बीकानेर**

क्रमांक-904 **ई-बोली सूचना संख्या-07/2025-2026** दिनांक-9.10.2025

Bid for Immediate Restoration Work on Various Roads SDGH & LKSR are invited from interested bidders from 13-10-2025 to 29-10-2025 6.00 PM. and to be opened 30-10-2025 02:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD Department website. The approximate value of the procurement is Rs 318.12 Lacs.

UBN is: PWD2526WSOB14335, UBN is: PWD2526WSOB14337
UBN is: PWD2526WSOB14338, UBN is: PWD2526WSOB14339
UBN is: PWD2526WSOB14342, UBN is: PWD2526WSOB14347
UBN is: PWD2526WSOB14348

(महेन्द्रपाल सिंह चालिया) अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड-II बीकानेर

DIPR/C/15256/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-2060 दिनांक-14.10.2025

**Notice Inviting Bid : 19 / 2025-26**

Bid for the " Various Civil Works" are invited from interested bidders from 14.10.2025 [09:30 AM] to 21.10.2025 [06:00 PM] & Open date 24.10.2025 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 237.96 Lakh.

UBN No.-PWD2526WSOB14737

DIPR/C/15475/2025 Executive Engineer PWD City Division, Bikaner

**एम बी एम विश्वविद्यालय, जोधपुर**

क्रमांक :- एम बी एम वि/MBMU/EAC/2025-2026/234 दिनांक :- 03/10/2025

**निविदा सूचना : EAC/2025-26/12-16**

एम.बी.एम. विश्वविद्यालय जोधपुर के विश्वविद्यालय परिसर में कार्य हेतु नियमानुसार सक्षम निविदा दाताओं (Competent Bidders) से निविदा आमंत्रित की जाती है सम्बन्धित कार्यों के अनुमानित लागत, टेंडर डाउनलोड एवं प्रस्तुत करने की दिनांक, शर्तें एवं अन्य आवश्यक विवरण सहित संपूर्ण विवरण राज्य सरकार की वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in and sppp.rajasthan.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mbm.ac.in पर देखी जा सकती है UBN No. MBM2526WSOB00051, MBM2526WSOB00052, MBM2526WSOB00053, MBM2526WSOB00054, MBM2526WSOB00055

राज.संवाद/सी/25/12339 मुख्य अभियंता

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग**

प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड़, जालोर

क्रमांक : अ.अ./चि.एव. स्वा/2025-26/2237-47 दिनांक : 09.10.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 23/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 336.22 लाख का 12 विद्युत कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधी विवरण डीआईपीआर की वैबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. MHS2526A3069

1. MHS2526WSOB04388, 2. MHS2526WSOB04389, 3. MHS2526WSOB04390
4. MHS2526WSOB04391, 5. MHS2526WSOB04392, 6. MHS2526WSOB04393
7. MHS2526WSOB04394, 8. MHS2526WSOB04395, 9. MHS2526WSOB04396
10. MHS2526WSOB04397, 11. MHS2526WSOB04398, 12. MHS2526WSOB04399

(राम कुमार कुर्डिया) अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर

DIPR/C/15267/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता खेत सुधार खण्ड प्रथम, बांई मुख्य नहर सीएडी के0 पाटन**

Email:-cadxenofd1@rajasthan.gov.in

क्रमांक-अ.अ./खे.सु.ख.-I/बां.मु.न./2025-26/866-75 दिनांकः-07.10.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01 / वर्ष 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से सीएडी चम्बल कोटा परियोजना में Reinforcement Cement Concrete (R.C.C.) के द्वारा फील्ड चेनल के 14 निर्माण कार्यों की निविदा, जिसकी अनुमानित लागत 1234.70 लाख रूपये है, के लिए सक्षम श्रेणी में सिंचित क्षेत्र विकास / जल संसाधन विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधीकृत संगठनों / केन्दीय लोक निर्माण विभाग डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको से जो कि राजस्थान सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों की ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग के माध्यम से https://dipr.rajasthan.gov.in/https://eproc.rajasthan.gov.in/ https://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईटों से दिनांक 25.10.2025 को सायः 6 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

UBN:- CDK2526WSOB00024 से CDK2526WSOB00037 तक

अधिशाषी अभियन्ता खेत सुधार खण्ड प्रथम, बांई मुख्य नहर सीएडी के0 पाटन। मोबाईल नम्बर-9414311635

DIPR/C/15184/2025


# प्रॉपर्टी विवाद में दोस्तों ने ही की दोस्त की हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

■ शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने केसरपुरा गांव के जंगल में छह फीट गड्ढा खोदकर लाश को दफना दिया था

■ मृतक 13 अक्टूबर की रात जन्मदिन पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकला था, घर नहीं लौटने पर परिजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी

**अजमेर,** (कासं)। जमीनी कारोबार से जुड़े विवाद में शहर में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। नागौर निवासी और अजमेर में जमीनी कारोबार करने वाले लेखराज को उसके ही दोस्तों ने मौत के घाट उतार दिया। शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने केसरपुरा गांव के जंगल में छह फीट गड्ढा खोदकर लाश को दफना दिया। पुलिस ने बीती रात करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किया। मृतक 13 अक्टूबर की रात जन्मदिन पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन ने क्रिश्चियनगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में एक संदिग्ध युवक को डिटेन किया। पूछताछ में हत्या की साजिश का खुलासा हुआ।

**छह फिट गहरे गड्ढे में दफना शव बरामद :-** पुलिस ने श्याम सिंह रावत, बीरम सिंह रावत, छगन सिंह रावत, नरेश रावत और विमल सिंह रावत को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी श्याम सिंह रावत मृतक लेखराज का पुराना परिचित था। प्रॉपर्टी सौदों में चली आ रही रंजिश के चलते हत्या की साजिश रची गई। आरोपियों की निशानदेही पर केसरपुरा डूंगरी इलाके में जेसीबी से खुदाई कर शव निकाला गया। शव नग्न हालत में तीन दिन पुराना मिला। बताया गया कि पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों ने दो से तीन जगह खुदाई करवाई।

**हत्या की वजह जमीनी कारोबार :-** मृतक के बेटे पार्थ ने बताया कि श्याम सिंह रावत उनके पिता से जमीन हड़पना चाहता था। उसके पिता लेखराज जयपुर और पुष्कर में जमीनों के बड़े सौदे करता था। घटना वाली रात पिता श्याम सिंह के जन्मदिन पर गए थे और फिर वापस नहीं लौटे। उनकी बाइक जनाना अस्पताल रोड पर लावारिस मिली थी।

**जांच में जुटी पुलिस :-** पुलिस के मुताबिक श्याम सिंह रावत मृतक पर जमीन बेचने का दबाव बना रहा था, लेकिन लेखराज ने इनकार कर दिया। इससे रंजिश के चलते हत्या की योजना बनाई। घटना के बाद सीओ नॉर्थ रूद्रप्रकाश और पांच थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ नॉर्थ ने बताया कि यह प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा मामला है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मंदिरों में चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के सायरा थाना क्षेत्र नांदेश्मा गांव में स्थित मंदिरों के ताले तोड़ कर चोर मूर्ति व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरा थाना क्षेत्र नांदेश्मा गांव में स्थित अम्बामाताजी मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर तथा शुभ्रत स्वामी मंदिर के ताले तोड़ कर चोर वारदात कर फरार हो गए। 7 अक्टूबर रात में आए चोरों ने वारदात की।

# ब्राउन शुगर तस्करी गैंग का खुलासा, एक गिरफ्तार

■ 7.45 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी गैंग का खुलासा करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7.45 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। आरोपी के खिलाफ लूट व हत्या का प्रयास के भी मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ के साथ गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

कोतवाली थाना अधिकारी शैलेन्द्रसिंह ने बताया कि शहर में मस्तान बाबा का उर्स चल रहा है, जहां पर पुलिस की ओर से ड्यूटी की जा रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेरा डालते हुए युवक को पकड़ा। इस दौरान संदिग्ध लगने पर एक युवक को रोका और उसकी तलाशी ली। जिसमें युवक की जेब से 7.45 ब्राउन शुगर मिली। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में शहर के लालपुरा निवासी साहिल खान पुत्र मुनिर खां को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से उसके अन्य साथियों व ब्राउन शुगर के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। सविना थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सविना थाना क्षेत्र एकलिंगपुरा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक धनेरिया कला द्वारकापुरी बगाना एमपी हॉल नेला तालाब निवासी करण राठौड़ (21) पुत्र राजमल राठौड़ गंभीर घायल हो गया। जिसे निजी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर हेड कांस्टेबल राजेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। करण होटल मेनेजमेंट का कोर्स कर रहा था एवं बाइक लेकर प्रतापनगर से सविना की तरफ जा रहा था, जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया।


प्रारूप-5

(नियम-6)(2) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक (जयपुर)**

क्रमांक/न.पा.सा./2025-26/1747 दिनांक 15.10.2025

**लोक सूचना**

आवेदकों द्वारा नीचे वर्णित भूमि मे के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| नगर पालिका का नाम | आवेदक का नाम व पता | भूखण्ड का विवरण | क्षेत्रफल (वर्गगज में) |
|---|---|---|---|
| सांभर लेक | श्री सोहनलाल शर्मा पुत्र श्री चौथमल शर्मा, चौबदारों का मौहल्ला, छोटा बाजार, सांभर लेक | चौबदारों का मौहल्ला, छोटा बाजार, सांभर लेक | 263.82 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति मंजू देवी पत्नि श्री सोहन लाल शर्मा, चौबदारों का मौहल्ला, छोटा बाजार, सांभर लेक | चौबदारों का मौहल्ला, छोटा बाजार, सांभर लेक | 65.60 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति सोहनी देवी गोयल पत्नि श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, सांभर लेक | स्टेषन रोड, सांभर लेक | 176.75 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री सुवा पुत्र श्री इन्दा रैगर, सांभर लेक | वार्ड नंबर 05, पोस्ट ऑफिस के पीछे, सांभर लेक | 88.86 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति सुषीला कुमावत पत्नि श्री दूर्गा लाल कुमावत, तेली दरवाजा, नेहरू पार्क के पास, सांभर लेक | तेली दरवाजा, नेहरू पार्क के पास, सांभर लेक | 365.68 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति नजमा पत्नि श्री निजामुदीन निवासी- नकाषा मौहल्ला, सांभर लेक | नकाषा मौहल्ला, सांभर लेक | 136.41 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री शेष नारायण परेवा पुत्र श्री भंवर लाल परेवा निवासी- नकाशा मौहल्ला, सांभर लेक | नकाषा मौहल्ला, सांभर लेक | 36.40 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री किशन गोपाल शर्मा पुत्र श्री बनवारी लाल शर्मा निवासी- तोतलों की गली, छोटा बाजार, सांभर लेक | तोतलों की गली, छोटा बाजार, सांभर लेक | 129.38 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति रमा शर्मा पत्नि श्री अशोक कुमार शर्मा निवासी- चारभुजा की गली, सांभर लेक। | चारभुजा की गली, सांभर लेक। | 119.22 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री रमेशचन्द शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा निवासी- सांभर लेक। | प्लॉट नं. 05, स्टेषन रोड, आर्य समाज के पास, सांभर लेक | 244.44 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्रीमति सीता देवी पत्नि श्री शंकर लाल माली निवासी- सांभर लेक। | मालियों का मौहल्ला, सरकारी अस्पताल के पीछे, सांभर लेक | 95.62 वर्गगज |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

राज.संवाद/सी/25/12310 प्राधिकृति अधिकारी

# मादक पदार्थ तस्कर फिरोज ने चाकू घोपकर युवक को मौत के घाट उतारा

## मृतक युवक द्वारा पुलिस थाने में मादक पदार्थ तस्करी की शिकायत करने से नाराज था हत्यारा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर इलाके में एक युवक को नशा बेचने वाले के खिलाफ पुलिस को शिकायत करना भारी पड़ गया। जहां गुस्साए तस्कर ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। युवक की मौत की सूचना के बाद दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को कंट्रोल में किया और पथराव कर रहे लोगों को डिटेन कर हत्या के आरोपी फिरोज को हिरासत में ले लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

बताया जा रहा है कि फिरोज कॉलोनी में नशे की तस्करी करता था और नौजवानों को नशे की लत लगवा रहा था। इस बात का विरोध करते हुए कॉलोनी वासियों ने ब्रह्मपुरी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने आरोपी फिरोज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। फिरोज को शक था की बार -बार अल्ताफ थाने में उसकी शिकायत कर रहा है। इस बात से गुस्सए फिरोज अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अल्ताफ पर चाकू सरिए से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर दुर्ग सिंह ने बताया बुधवार की देर रात शादी समारोह के

■ आरोपी ने चाकू सरिए से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या की, दोनों पक्षों में पथराव भी हुआ

दौरान चाकू बाजी की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आरोपित फिरोज को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि नशा तस्कर फिरोज काफी दिनों से घात लगाए बैठा । लेकिन गुरुवार देर रात उसे मौका मिल गया। फकीरों की डूंगरी से एक बारात रामगढ़ मोड़ गई हुई थी, जिसकी भनक फिरोज को लग गया। फिरोज ने अपने साथियों के साथ मिलकर बारात का पीछा कर अल्ताफ पर सरिए ,चाकू से हमला कर दिया। बारात में मौजूद अन्य लोगों ने बीच -बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने बारात में शामिल बारातियों के साथ भी मारपीट की।

सवाई मानसिंह अस्पताल से अल्ताफ की मौत की खबर मिलने के बाद बारात में शामिल हुए लोगों में आक्रोश फैल गया।

जिसके बाद भीड़ ने फिरोज के घर पर पथराव कर दिया। जवाबी कार्रवाई में फिरोज के परिजनों ने पथराव का जवाब पथराव से दिया। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। कई लोगों को घायल अवस्था में सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया। जिनका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने मृतक अल्ताफ का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया । हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फिरोज को घर से बाहर अपने की चेतावनी दी। लेकिन आरोपी फिरोज घर में छुपा रहा और बाहर नहीं निकला। लेकिन पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आरोपी फिरोज को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि फिरोज ने अल्ताफ से रंजिश निकालने के बाद बाहर से बदमाश बुलाए थे। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने पथराव करने व हमला करने वाले बदमाशों को डिटेन कर लिया है। जिनकी तलाश जारी है।

# दरभंगा एक्सप्रेस का जयपुर स्टेशन पर सप्ताह में दो बार ठहराव होगा

## रेलमंत्री वैष्णव व सांसद मंजू शर्मा ने किया रेल यात्री सुविधाओं का लोकार्पण

**जयपुर।** जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने गुरुवार को केन्द्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न "रेलवे स्टेशनों एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस में यात्री सुविधाओं" का लोकार्पण किया। उन्होंने दरभंगा एक्सप्रेस को सप्ताह में दो बार जयपुर में रोकने की मांग की जिसपर रेलमंत्री

■ सांसद खेल महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाए : मंजू शर्मा

वैष्णव ने कहा कि बिहार चुनाव के बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के शासन में देश में रेल सुविधाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव का आभार जताया। इस कार्यक्रम राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सांसद मंजू शर्मा ने सांगानेर स्थित राजस्थान मैथिल परिषद द्वारा मदार (अजमेर) से दरभंगा राजस्थान की प्रथम अमृत भारत ट्रेन के परिचालन "नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम" में केंद्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का दरभंगा एक्सप्रेस के जयपुर में ठहराव करने पर आभार जताया।सांसद मंजू शर्मा सिविल लाइंस




केन्द्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरूवार को जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न रेल सुविधाओं का लोकार्पण किया।

विधानसभा में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित "प्रबुद्धजन सम्मेलन" में केंद्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ सहामिल हुई। उन्होंने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना एक सशक्त जन आंदोलन के रूप में उभर रही है, देशभर में लोग उत्साहपूर्वक इस अभियान से जुड़कर भारत को वैश्विक शिखर पर ले जाने के संकल्पित है।

इसके बाद हवामहल विधानसभा क्षेत्र की आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला में शामिल हुई। उन्होंने यहां कहा कि स्वदेशी केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रेम की भावना है - जो हमें अपने श्रम, अपने संसाधनों और अपने उत्पादों पर गर्व करना सिखाती है। स्वदेशी प्रेम सिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में स्वदेशी की अलख जगी है। इस कार्यक्रम में विधायक बलमुकुंदाचर्य, भाजपा पदाधिकारी व लोग मौजूद थे। सभी कार्यकर्मो में सांसद मंजू शर्मा सांसद खेल महोत्सव के विषय में भी चर्चा की। उन्होने कहा कि फिट इंडिया हिट इंडिया का मोदी का सपना साकार करना है।

# विलायती बबूल के राज्यव्यापी उन्मूलन की तैयारी में जुटी भजनलाल सरकार

## विलायती बबूल, प्रदेश में भूजल स्तर में गिरावट और मृदा की उर्वरता में कमी का कारण : ओटाराम देवासी

**जयपुर ।** राज्यभर से विलायती बबूल के संपूर्ण उन्मूलन के लिए राज्य सरकार ने व्यापक कार्ययोजना की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में गुरूवार को सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

दिलावर ने जोधपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश से विलायती बबूल के प्रभावी और स्थायी उन्मूलन के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। मंत्री ने कहा कि वन एवं राजस्व विभाग द्वारा एक स्पष्ट एवं पारदर्शी दिशा-निर्देश जारी होने के बाद प्रदेश के प्रत्येक गांव में अभियान के रूप में विलायती बबूल के उन्मूलन का कार्य निर्बाध रूप से प्रारंभ किया जाएगा।

उन्होंने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक राज्यस्तरीय आदेश शीघ्र जारी किया जाए ताकि इस पौधे की कटाई के लिए बार-बार अनुमति लेने की आवश्यकता समाप्त हो तथा किसी प्रकार की वैधानिक बाधा न उत्पन्न हो।

मंत्री ने बताया कि विलायती बबूल




पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

एक आक्रामक विदेशी प्रजाति है, जो प्रदेश की ग्रामीण भूमि, चारागाहों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। इसकी गहरी जड़ें (लगभग 30 फीट तक) और अत्यधिक जल सोखने की क्षमता (15 मीटर तक) भूजल स्तर में गिरावट और मृदा की उर्वरता में कमी का कारण बन रही हैं। इसके कारण देशी पौधों की प्रजातियाँ भी नष्ट हो रही हैं।

दिलावर ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से एक व्यवस्थित और सक्रिय अभियान के रूप में विलायती बबूल का उन्मूलन करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कटाई के दौरान प्रदेश के अन्य उपयोगी वृक्षों को कोई क्षित न पहुंचे।

उन्होंने यह भी कहा कि विलायती बबूल के कोयले के परिवहन में आने वाली प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए परिवहन की अनुमति प्रणाली को सरल बनाया जाए। मंत्री ने सुझाव दिया कि इस पौधे के पुनः उगने की प्रवृत्ति को देखते हुए राज्य सरकार को इसके उन्मूलन के लिए तीन से चार वर्ष की दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करनी होगी।ओटाराम देवासी, पंचायती राज राज्य मंत्री ने कहा कि यह पौधा हमारे चारागाहों, कृषि भूमि, नदियों/नालों और सरकारी भूमियों के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है, जिसे जड़ से खत्म करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा और स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर चरणबद्ध तरीके से इसका उन्मूलन किया जाए और सभी विभागों और आम जनता के सहयोग से हम जल्द ही विलायती बबूल मुक्त राजस्थान का सपना साकार करेंगे। बैठक में डॉ. जोगाराम, शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## प्रेम जाल में फंसा कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।मामले की जांच कर रहीं थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि 27 युवती टोंक रोड स्थित एक कोचिंग में पढ़ाई कर रहीं है। कोचिंग के दौरान ही युवती की आरोपी से जान पहचान हुई थी।

# दीपावली से पूर्व प्रदेशभर में सभी दकमल दलों का सर्वे होगा : रवि जैन

## शासन सचिव ने सभी निकायों को 3 दिन में जांच प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए




स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने गुरूवार को अधिकारियों की बैठक ली।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** दीपावली से पूर्व स्वायत्त शासन विभाग पूरे प्रदेश में संचालित सभी दमदल दलों का व्यापक सर्वे करवायेगा। शासन सचिव रवि जैन ने 3 दिन में यह जांच प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में आगजनी की घटना के बाद सरकार आमजन की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है।

गुरूवार को स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए कि आगामी 3 दिनों के भीतर सभी नगरीय निकाय अपने-अपने क्षेत्र के दमकल दलों की स्थिति का संपूर्ण मूल्यांकन करें। इस सर्वे में दमकल वाहनों की तकनीकी स्थिति, मशीनों की

■ ज्ञात रहे कि भजनलाल सरकार ने वर्ष 2025 की बजट घोषणा में दमकल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसके तहत 250 नये अग्निशमन वाहन की खरीद तथा उपकरणों के आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण व्यवस्था को भी सशक्त बनाया जाएगा।

कार्यक्षमता, मैनपावर की उपलब्धता, आपदा के दौरान प्रतिक्रिया समय, पानी की आपूर्ति व्यवस्था, तथा सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का विशेष रूप से परीक्षण किया जायेगा।

रवि जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फायर सर्विसेज की तत्परता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी कमी या तकनीकी समस्या पाई जाए, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 की बजट घोषणा में दमकल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत 250 नये अग्निशमन वाहन की खरीद तथा उपकरणों के आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण व्यवस्था को भी सशक्त बनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की लापरवाह कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शासकीय कार्यों में पूर्ण जवाबदेहिता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार के दोषी कार्मिकों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने 14 प्रकरणों में कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही और 2

■ 14 प्रकरणों में अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति दी

प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति का अनुमोदन किया है।

अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए 2 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार, सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के 8 प्रकरणों में वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का निर्णय किया गया है। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारियों के चार प्रकरणों में पेंशन राशि रोकने का दंड दिया गया है।

एक अन्य प्रकरण में नियम 34-सीसीए के अंतर्गत प्रस्तुत अपील को खारिज करते हुए पूर्व में प्रदत्त दंड को यथावत रखा गया है। वहीं, सीसीए नियम-23 के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील में राहत देते हुए परिनिंदा तक सीमित किया गया है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर में एमआई रोड स्थित पांच बत्ती सर्किल पर दीपोत्सव के तहत लाईटिंग का शुभारंभ किया। उनके साथ पूर्व सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद थे।

## रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया एम.आई.रोड

**जयपुर ।** पंच दिवसीय दीपोत्सव के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजधानी की एमआई रोड पर रंग-बिरंगी लाइटिंग का स्विच ऑन कर दीपावली उत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। उनके साथ जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद थे। मदन राठौड़ ने कहा कि व्यापार मंडल ने वोकल फार लोकर थीम पर सजावट की गई। यह मोदी सरकार के स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस प्रदर्शनी में "नवीन कानून और ए.आई." पर ज्ञान मंथन

## ए.आई. चुनौतियाँ, फोरेंसिक साक्ष्य और जेल सुधारों पर पुलिस अधिकारियों, प्रशिक्षुओं व विशेषज्ञों का विशेष सत्र


**जयपुर ( कासं )।** नवीन आपराधिक कानून के अमल में आने के बाद पुलिस की तैयारी भी बदल रही है। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही पुलिस प्रदर्शनी के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों और विभिन्न कानूनी हितधारकों के लिए ज्ञानवर्धक सत्रों की एक श्रृंखला चल रही है।

इन विशेष सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर फॉरेंसिक साक्ष्य, कानून प्रवर्तन की आधुनिक चुनौतियों पर देश के शीर्ष विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की जा रही है।

जिसका उद्देश्य पुलिस बल को नए कानूनी और तकनीकी युग के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। इन तकनीकी सत्रों की मॉनिटरिंग खुद एडीजी और आरपीए डायरेक्ट श्री एस सेंगाथिर कर रहे हैं।

### पुलिसिंग में एआई की चुनौतियों पर मंथन

तकनीकी सत्रों की शुरुआत नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित सत्र से हुई। इंडिपेंडेंट रिसर्चर क्षितिज वर्मा ने की वर्तमान स्थिति और पुलिसिंग में इसके अनुप्रयोगों पर जानकारी दी। सत्र में



सीतापुरा स्थित जेईसीसी में गुरूवार को नवीन आपराधिक कानून और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की चुनौतियों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र हुए।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी वी. के. सिंह ने पुलिस कार्यप्रणाली में के उपयोग तथा नवीन कानूनों के आलोक में आने वाली चुनौतियों का सामना करने पर अपने विचार रखे।

इस महत्वपूर्ण इंटरैक्शन में निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगथिर, आईजी एससीआरबी अजय पाल लाम्बा, निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी प्रदीप मोहन शर्मा और उपमहानिरीक्षक पुलिस एसओजी परिस देशमुख सहित लगभग 160 पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### फोरेंसिक पर हुआ संवाद

अगली कड़ी में नवीन आपराधिक कानून तथा एफएसएल की भूमिका पर एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इस सत्र में आरपीएस प्रशिक्षु अधिकारियों तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पैनल में डायरेक्टर एफएसएल जयपुर अजय शर्मा, सेवानिवृत्त डायरेक्टर एफएसएल एस. एस. डागा और कैंपस डायरेक्टर एनएफएसयू राखी अग्रवाल शामिल थे। विशेषज्ञों ने एफएसएल की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला और 120 प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके साथ गहन संवाद किया।

### जेल सुधार और कानूनी प्रावधानों पर चर्चा

बीकानेर रेंज के पुलिस अधिकारियों तथा जेल विभाग के अधिकारियों का एक विशेष पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। इसमें महानिरीक्षक जेल जयपुर विक्रम सिंह ने नवीन कानूनों तथा जेल सुधारों के लिए अपनाए जा रहे नवाचारों के संबंध में जानकारी दी। इस सत्र में 190 अधिकारियों ने भाग लिया।

### नवीन कानूनों पर हुई गहन चर्चा

गुरुवार को उदयपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों का सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में नवीन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्य विषय पर चर्चा हुई।

सहायक निदेशक अभियोजन रमेश चौधरी और पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा ने विधिक प्रावधानों पर चर्चा की।

इस सत्र में कांस्टेबल से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के 180 अधिकारियों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला पुलिस अधिकारियों को नवीन कानूनों और आधुनिक तकनीक के साथ तालमेल बिठाने में सहायता प्रदान कर रही है।

# लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर ने बिजनेसमैन को फोन पर दी गोली मारने की धमकी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** नारायण विहार थाने में एक बिजनेसमैन को लॉरेंस गैंग के गुर्गे ने गोली मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर के लिए फोन पर गोली मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि नारायण विहार में रहने वाला बिजनेसमैन एक कंपनी का मालिक है और सी-स्कीम में उसका ऑफिस है। आरोप है कि 5 से 12 अक्टूबर तक अपने परिवार के साथ कनाडा घुमने गया हुआ था। गत 9 अक्टूबर को विदेश के दो मोबाइल नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य हैरी बॉक्सर बताया और खुद की जानकारी और फोटो गूगल पर मिलने की बात कहते हुए गोली मारने की धमकी दी। गाली-गलौच के दौरान ही हैरी बॉक्सर ने पीड़ित के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि "इतनी गोलियां दागूंगा कि सात पीढ़ियां याद रखेगी।" हैरी बॉक्सर के धमकी भरे कॉल पर बिजनेसमैन ने तुरंत ई-मेल व वॉट्सऐप के जरिए जयपुर कमिश्नरेट में शिकायत की। भारत वापस लौटने के बाद पीड़ित नारायण विहार थाने पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बताया जा रहा है कि आरोपी हैरी बॉक्सर उर्फ हैरी चंद जाट मूलता अलवर का रहने वाला है और किसान परिवार से है।

हैरी बॉक्सर पूर्व में पुलिस और आर्मी कॉम्पिटिशन एग्जाम दे चुका है। बॉक्सिंग कोच रहने के दौरान वो बदमाशों के सम्पर्क में आया था। इसके खिलाफ 10 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज है। वर्ष -2022 में ये नेपाल के रास्ते विदेश भाग गया था। हैरी बॉक्सर के खिलाफ राजस्थान और पंजाब में जबरन वसूली हत्या जैसे संगीन मामले विचाराधीन है।

# श्रमिक कल्याण के लिए जमा कराएं उपकर राशि

**कोटा,** (निसं)। उप-श्रम आयुक्त शमिता जैन की अध्यक्षता में कोटा के बिल्डर्स के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। उप-श्रम आयुक्त ने बताया कि भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के नियोजन एवं सेवा शर्तों के विनियमन तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा व कल्याण के उपायों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 बनाया। लाभार्थी कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने के प्रयोजनार्थ धनराशि की व्यवस्था के लिए अलग से भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम भी पारित किया गया है जिसके अंतर्गत राजकीय एवं निजी सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर लागत के एक प्रतिशत की दर से उपकर वसूल किए जाने का प्रावधान है। 10 लाख रूपए लागत तक के निजी आवास के निर्माण कार्य को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है। उपकर राशि का उपयोग निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ काम में आता है। इस कारण सभी भवन निर्माताओं का दायित्व बनता है कि वह स्वेच्छा से निर्माण लागत का असेसमेंट कर निर्धारित समयावधि में निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर श्रम विभाग में जमा कराएं।

## कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

email :nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org

क्रमांक :-ननिको(उ)/राजस्व/ 2025/14471-81 दिनांक: 14.10.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कोटा उत्तर सीमा क्षेत्र में निम्न विज्ञापन प्रदर्शन के वार्षिक लाईसेन्स हेतु वार्षिक ठेका से राजस्व वसूली हेतु दो वर्ष 2025 से 26 के लिये (कार्यादेश से 1 वर्ष तक) 2 Bid1 Stage प्रद्वति के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र, शर्ते, आवेदन संबंधी समस्त जानकारी एवं सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.kotamc.org, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु नगर निगम के प्रशासनिक भवन में कमरा नं0 307 में सम्पर्क कर सकते है।

NIB NO. -DLB2526A7178
UBN NO. -DLB2526WSRC21701

राज.संवाद/सी/25/12299 — उपायुक्त, नगर निगम कोटा उत्तर

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/100959 **लोक सूचना** दि.15.10.2025

श्री AABID HUSSAIN पुत्र श्री BASHEER MOHAMMED जाति MUSLIM निवासी VIGYAN NAGAR KOTA श्री WASIM ANSARI पुत्र श्री AABID HUSSAIN जाति MUSLIM निवासी VIGYAN NAGAR KOTA श्रीमति ZEENAT NISHA ANSARI पत्नी श्री AABID HUSSAIN जाति MUSLIM निवासी VIGYAN NAGAR KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **अन्य संस्थानिक** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैथून, लाडपुरा (कोटा) | (1) AABID HUSSAIN S/O BASHIR MOHAMMAD HISSA 1/3 (2) ZEENAT NISHA W/O AABID HUSSAIN HISSA 1/3 (3) WASIM ANSARI S/O AABID HUSSAIN ANSARI HISSA 1/3 JAATI MUSLIM NIWASI GAN VIGYAN NAGAR KOTA | 2079 | 10300 | 1.03 |
| | | | 2082 | 4100 | 0.41 |
| 2. | कैथून, लाडपुरा (कोटा) | (1) AABID HUSSAIN S/O BASHIR MOHAMMAD HISSA 1/2 (2) WASIM ANSARI S/O AABID HUSSAIN HISSA 1/2 JAATI MUSLIM NIWASI GAN VIGYAN NAGAR KOTA | 2081 | 1600 | 0.16 |
| | | | | कुल | 1.6 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/10/2025 को जारी की गयी। — प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

## कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांक:-ननिको/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/1258 दिनांक: 16.10.25

**भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पटेल रचना मणिलाल उर्फ रचना छबलानी पत्नी श्री दीपेश छबलानी एवं श्री दीपेश छबलानी पुत्र श्री जगदीश छबलानी निवासी आवास संख्या सी-177 तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 2-क-29 विज्ञान नगर कोटा क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 2-क-29 विज्ञान नगर कोटा क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर का स्वामित्व राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत कोटा द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक-1378 दिनांक 25.08.2025 से श्रीमती पटेल रचना मणिलाल उर्फ रचना छबलानी पत्नी श्री दीपेश छबलानी एवं श्री दीपेश छबलानी पुत्र श्री जगदीश छबलानी के नाम हस्तान्तरित किया गया। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2085 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 16.10.25

आवास संख्या 3/124 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री प्रवीण कुमार गांधी पुत्र श्री मूलचन्द दास गांधी को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती अनिता माहेश्वरी पत्नी श्री मनोज एवं श्रीमती बाला माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद कुमार माहेश्वरी के नाम दिनांक 14.06.2018 को संयुक्त रूप से किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती अनिता माहेश्वरी पत्नी श्री मनोज एवं श्रीमती बाला माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद कुमार माहेश्वरी द्वारा दिनांक 19.07.2018 का अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती अनिता माहेश्वरी पत्नी श्री मनोज एवं श्रीमती बाला माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद कुमार माहेश्वरी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.09.2018 को श्री रामपाल गुर्जर पुत्र श्री राधाकिशन एवं श्रीमती मधुबाला पत्नी श्री रामपाल गुर्जर को संयुक्त रूप से किया गया। श्री रामपाल गुर्जर पुत्र श्री राधाकिशन एवं श्रीमती मधुबाला पत्नी श्री रामपाल गुर्जर का नाम दिनांक 06.03.2019 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री रामपाल गुर्जर पुत्र श्री राधाकिशन एवं श्रीमती मधुबाला पत्नी श्री रामपाल गुर्जर द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 28.10.2020 को श्रीमती स्वाति श्रृंगी पुत्री श्री योगेन्द्र श्रृंगी को किया गया। श्रीमती स्वाति श्रृंगी पुत्री श्री योगेन्द्र श्रृंगी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3/124 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती स्वाति श्रृंगी पुत्री श्री योगेन्द्र श्रृंगी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती स्वाति श्रृंगी पुत्री श्री योगेन्द्र श्रृंगी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती स्वाति श्रृंगी पुत्री श्री योगेन्द्र श्रृंगी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/587 दिनांक:-15.10.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 565 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 932 दिनांक 20.12.2022 को श्रीमती ज्योति मलिक पत्नी स्व. श्री सत्य प्रकाश मलिक के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती ज्योति मलिक पत्नी स्व. श्री सत्य प्रकाश मलिक द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री योगेश कुमार नागर पुत्र श्री हरिशंकर नागर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.08.2025 को श्री शुभम हरसौरा पुत्र श्री सतीश कुमार हरसौरा एवं साक्षी जैन पुत्री श्री जितेन्द्र कुमार जैन को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री शुभम हरसौरा पुत्र श्री सतीश कुमार हरसौरा एवं साक्षी जैन पुत्री श्री जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 565 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री शुभम हरसौरा पुत्र श्री सतीश कुमार हरसौरा एवं साक्षी जैन पुत्री श्री जितेन्द्र कुमार जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। — उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/423 दिनांक:-16.10.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 891 सुभाष नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 98 दिनांक 18.04.1991 को श्री विनय चन्द सिन्हा पुत्र श्री एच.सी. सिन्हा के नाम आवंटन किया गया था। श्री विनय चन्द सिन्हा पुत्र श्री एच.सी. सिन्हा द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री वेद प्रकाश तिवारी पुत्र श्री गोपाल प्रसाद तिवारी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.10.2025 को श्रीमती आभा सोनी पत्नी श्री संदीप सोनी को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती आभा सोनी पत्नी श्री संदीप सोनी द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 891 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती आभा सोनी पत्नी श्री संदीप सोनी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1265 **विज्ञप्ति** दिनांक:-16.10.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखेडा में स्थित कृषि भूमि योजना गायत्री विहार खसरा नं. 97 में स्थित भूखंड संख्या 18 आवेदक/आवेदिका श्रीमती सकीना पत्नी श्री मोहम्मद आरिफ निवासी सरकारी आवास क्वाटर नं. जे/4 सिटी पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1238 दिनांक 11.03.2013 को श्री मो. नासिम पुत्र श्री मो. इलियास के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 05.08.2014 को जर्ये मुख्तारआम मुन्ना अली पुत्र श्री जनाब इश्हाक मोहम्मद द्वारा आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती सकीना पत्नी श्री मोहम्मद आरिफ के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

# शराब व्यापारी पर फायरिंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**■ पूर्व में दो नाबालिग किये थे निरूद्ध**

**कोटा,** (निसं)। कैथूनीपोल थाना इलाके में शराब व्यापारी पर फायरिंग व चाकू से जानलेवा हमले के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस टीम ने मामले में पूर्व में दो नाबालिगों को विधि संघर्षरत निरूद्ध किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 2 अक्टूबर को डॉग को लेकर मॉर्निंग वॉक पर निकले शराब व्यापारी संदीप सोलंकी पर बाइक सवार चार बदमाशों ने जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी और चाकू से हमला किया।

शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक राजेश कुमार टेलर के सुपरविजन में कैथूनीपोल थानाधिकारी पुष्पेन्द्र बंसीवाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि हमले में घायल संदीप सोलंकी ने बयान में मनीष और तोसिबा के नाम बताये। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटैज खंगाल कर आरोपियों की पहचान की।

पुलिस टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश देते हुए पूर्व में मामले में वांछित 2 नाबालिगों को विधि संघर्षरत निरूद्ध किया उक्त घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी मनीष व तोसिब की तलाश जारी थी।

शहर एसपी ने बताया कि मुखबीर से पुलिस टीम को सूचना मिली की फायरिंग के दो आरोपी मनीष और तोसिब रावतभाटा से कोटा की ओर आ रहे है, उक्त सूचना पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये कैथूनीपोल थानाधिकारी मय टीम रावतभाटा रोड पर पहुंचे जहां दो जने बाइक पर आते हुए नजर आये।

शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम को देखकर आरोपी बाइक को तेज गति से भगाते हुए फोरस्ट चौकी की टूटी दीवार से जंगल की ओर भागने लगे तो तेज गति से बाइक चलाने के कारण कच्चे रस्ते पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलने से दोनों आरोपी गिर गये जिससे उनके चोटें पहुंची, पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा कर दोनों आरोपियों को मौके से डिटेन कर प्राथमिक उपचार के बाद पूछताछ कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम ने संदीप सोलंकी पर जानलेवा हमले के मामले में कार्यवाही करते हुए न्यू साबरमती कॉलोनी निवासी मनीष कुमार नरवाल (22), कैथूनीपोल निवासी अब्दुल तोसिब उर्फ तोसिबा (19) को गिरफ्तार कर लिया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि पकड़े गए आरोपी मनीष व तोसिबा का परिवादी संदीप सोलंकी के भांजे तुषार से पूर्व में लड़ाई -झगड़ा चल रहा था, जिस पर पूर्व में परिवादी के भांजे ने भी पकड़े गये आरोपियों पर हमला किया था। उसी बात की रंजिश के चलते पकड़े गये आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

# वृद्ध महिलाओं से ठगी करने वाले इनामी गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 11 अक्टूबर को फरियादिया वृद्धा ने किशोरपुरा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि घोड़े वाले बाबा चौराहे पर रात्रि को जीप से उतरी थी, जहां पर दो व्यक्ति मिले और कहा कि जिनके लड़का हुआ है उनको 2 हजार रूपये इनाम में दिये जा रहे है जिस पर बातों में आकर उनके साथ थोड़ी दूर चली तो रास्ते में उन्होंने एक बैंक के बाहर सीढ़ियों पर बैठा दिया और कहा कि तुम्हारे जैवर उतार दो नहीं तो रूपये नही मिलेंगे। रिपोर्ट में कहा कि दोनों व्यक्तियों की बातों में आकर अपने जेवर उतार दिये और दोनों ने जेवर लेकर कहा कि हम अभी आ रहे है और वापस नहीं आये। शहर एसपी ने बताया कि वृद्धा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि वृद्ध महिला के साथ हुई ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में किशोरपुरा थानाधिकारी भूरि सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के फरार होने की संभावना को देखते हुए आरोपियों पर 10-10 हजार के इनाम की राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि किशोरपुरा थानाधिकारी भूरि सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनिकी आधार पर मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए चार आरोपी गिरफ्तार किये जिनमे दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए महाराष्ट्र के रेणकापुर निवासी दिलीप (40) एवं रामपुरी निवासी शिवाजी (35) को बापर्दा व ग्राम साखला पलट गंगाखेड निवासी संतोष काले (30) और महाराष्ट्र के ग्राम पालम निवासी अविनाश काले (25) को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों ने किशोरपुरा के साथ-साथ गुमानपुरा व नयापुरा में भी ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पकड़े गये आरोपियों से माल बरामदगी संबध में अनुसंधान जारी है।

# खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र 31 अक्टूबर तक नाम हटवा सकते हैं

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अपात्र परिवार 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि गिव-अप अभियान का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि निष्कासन श्रेणी में आने वाले परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत राशन प्राप्त करने के पात्र नहीं हैं। उन्होंने अपात्र परिवारों से अपील की है कि वे अपनी नज़दीकी राशन दुकान पर उपलब्ध स्वघोषणा प्रार्थना पत्र भरकर जमा कराएं और स्वविवेक से योजना से अपना नाम हटवाएं।

इससे वे आगामी दण्डात्मक कार्यवाही से बच सकेंगे। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जो अपात्र लाभार्थी 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से नाम नहीं हटवाएंगे, उनसे 1 नवम्बर से गेहूं की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला रसद कार्यालय एवं उपखण्ड कार्यालयों में बड़ी संख्या में अपात्र परिवार अपने नाम स्वेच्छा से हटवा रहे हैं। विभाग द्वारा पात्रता सत्यापन की प्रक्रिया डोर-टू-डोर जांच के माध्यम से की जा रही है तथा नए लाभार्थियों की पात्रता की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

# उमंग स्वदेशी मेले का आयोजन सफल हुआ

**छबड़ा** (निसं)। स्वदेशी जागरण मंच एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स वूमेन के सहयोग से यहां के गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित उमंग स्वदेशी मेले का आयोजन सफल रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक डॉ. संत कुमार एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के चार्टर मनोज ड्रोलिया रहे।

प्रचार प्रसार प्रमुख अमन चांडक ने बताया कि संत कुमार ने कहा कि स्वदेशी की अवधारणा 150 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। यह लोकमान्य तिलक, वीर सावरकर, अरबिंदो और दत्तोपंत के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति थी। ब्रिटिश उपनिवेशवाद से आजादी के दशकों बाद तक भी यह महसूस किया गया कि संपूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता के लिए स्वदेशी को जीवन शैली में अपनाना आवश्यक है। ड्रोलिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में स्वदेशी मेले का आगाज करने का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ छोटे उद्योग में महिलाओं को रोजगार से जोडना है। इसी क्रम में यहां उमंग स्वदेशी मेले की शुरुआत हो चुकी है। यहां स्थानीय उत्पादों को बडा बाजार मिला। खास बात यह है कि यह स्वदेशी मेला बुनकरों के साथ-साथ महिलाओं को भी स्वावलंबी बन रहा है। महिला उद्यमी शोभा माहेश्वरी ने बताया कि हम महिलाओं के लिए सबसे खास बात यह है कि हम घर पर समय निकालकर के उन उत्पादों को तैयार कर रहे हैं और उन्हें बाजार देने के लिए हमें यहां वहां भटकना नहीं पड रहा है बल्कि इस मेले के माध्यम से हम एक मंच मिला है, जहां यहां पर लोग खरीदारी कर रहे हैं हमें मुनाफा भी मिल रहा है और हमारी न पहचान भी बन रही है। संचालन कविता जैन ने किया। संयोजक अनामिका जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। अलग-अलग उत्पाद प्रदर्शित- मेले में जहां पर छबड़ा ही नहीं बल्कि पूरे हाडौती के अलग-अलग उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। जहां स्थानीय लोग इन हैंडीक्राफ्ट के उत्पादन की खरीदारी की खूब कर रहे हैं। इस खरीदारी का आंकड़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो दिन के इस मेले में यहां पर लगभग नौ लाख रूपए से ज्यादा के उत्पादों की बिक्री हुई। स्वदेशी मेला दे रहा रोजगार- मेले में बाघ की साड़ी, यहां की हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, हाथ से बने हुए क्रोशि, के बक्कल, इसमें आयुर्वेद के हाथ से बने हुए प्रोडक्ट भी खूब चर्चा में रहे।

# स्वनिधि योजना को लेकर बैठक, 15 लोन वितरित

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम दक्षिण सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अध्यक्षता नगर निगम दक्षिण आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने की। उन्होंने उपस्थित सभी बैंकों को निर्देश दिए कि योजना में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत एवं वितरण करें तथा लक्ष्यों के अनुरूप प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

लीड बैंक मैनेजर दिलीप कौर ने बताया कि इस अवसर पर 15 लोन का वितरण किया गया एवं 30 खातों का सैंक्शन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स एवं असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, बैंक ऑफ़ बड़ौदा सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने कहा कि बैंक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों का आभार जताते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

## सार-समाचार

### शिविर में 413 आवेदनों का निस्तारण

**कोटा,** (निसं)। गुरुवार को नगर निगम कोटा के प्रशासनिक भवन स्थित स्वागत हॉल में चल रहे शहरी सेवा शिविर 2025 में नगर निगम कोटा दक्षिण में कुल 413 आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिनमें भूमि संबंधित मामले 111, सड़क, नाली मरम्मत के 5, स्ट्रीट लाईट के 23, जन्म-मृत्यु, विवाह के 69, पीएम स्वनिधि के 3, जनाधार नामांकन व अद्यतन 68, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन के 8, एन एफ एस ए आधार सीडिंग के 47, एन एफ एस ए ई-के वाई सी के 48, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन के 11, पालनहार योजना के 2 आवेदनों का निस्तारण किया गया, साथ ही शहरी सेवा शिविर में चल रहे चिकित्सा शिविर के लाभान्वितों की संख्या 18 रही। शहर में विभिन्न स्थानों से कैम्प में सफाई कार्य से जुड़ी जो शिकायते प्राप्त हुई उनका भी त्वरित निस्तारण किया गया। इसी क्रम में अगला शुक्रवार को नगर निगम कोटा दक्षिण के सभी वार्डों के लिए नगर निगम के प्रशासनिक भवन स्थित स्वागत हॉल में आयोजित किया जायेगा।

### स्वागत समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मां भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्वामी विवेकानन्द नगर में 7 से 15 अक्टूबर तक नये विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्टूडेंट वेलकम प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय चैयरमेन महेश विजय, डाक्टर नीना विजय, कमलेश कुरंकर, महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर कंचन गोयल तथा राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डाक्टर आदित्य गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

### शिविर में 51 यूनिट रक्तदान

**छबड़ा** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा व आर्य समाज सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर छबडा परिसर में किया गया, जिसमें 51 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। यहां आर्य समाज सेवा समिति के संस्थापक रमेश चंद गुप्त एवं संचालक महेन्द्र कुमार गुप्त, बलवीर सिंह, परिषद अध्यक्ष ओम प्रकाश मालव, सचिव ओम नारायण गालव, कोषाध्यक्ष सुनीलदत्त भार्गव आदि रहे।

# चैन स्नेचिंग के दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी पुलिस टीम ने चैन स्नेंचिंग के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 22 सितम्बर को फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि स्कूटी से अपनी मां को लेकर जाते समय बाईक सवार बदमाशों ने पीछा करते हुए मां के गले में पहनी हुई सोने की चैन पर झपटा मारकर तोड़कर ले गये। शहर एसपी ने कहा कि फरियादिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए कलाल खुर्द निवासी पवन सुमन एवं ग्राम खेड़ा रामपुर निवासी पवन कुशवाह को बापर्दा गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि शौक पूरा करने के लिये चैन लूटने की वारदात को अंजाम देते है, पकड़े गये आरोपियों ने रेलवे कॉलोनी, भीमगंजमंडी व बोरखेड़ा क्षेत्र में भी वारदात करना स्वीकारा है। आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

**आरोपी बापर्दा गिरफ्तार:-** कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने महिला के गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीनकर ले जाने के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द्र भारद्वाज ने बताया कि 15 अक्टुबर को महिला ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि पैदल घर आ रही थी दो जने बाईक पर आये और गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र जिसमें 10 मोती सोने के एवं पेडल था छीनकर ले गये। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज के आधार पर कार्यवाही करते हुए दादाबाड़ी निवासी सत्यनारायण (30) को बापर्दा गिरफ्तार किया है शेष आरोपी की तलाश जारी हैं।

# नकबजनी की घटना का खुलासा कर हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर चिंटी को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी कैथून थाने का हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर हैं जिसके खिलाफ विभिन्न थानो में 47 मुकदमें दर्ज है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 10 अक्टुबर को फरियादी अवधेश गुप्ता ने उद्योग नगर थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 5 अक्टुबर को पत्नी को लेकर ऑपरेशन के लिये आगरा गये हुए थे घर पर कोई नही था। रिपोर्ट में कहा कि 9 अक्टुबर को पड़ौसी ने सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है, सूचना पर कोटा आये। रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात चोर खिड़की व दीवार तोड़कर रसोई से घर में घुसा और 15 तोले के सोने के आभूषण, 5 सोने के सिक्के, चांदी के आभूषण व एक लाख रूपये चोरी करके ले गया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात चोर की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन मे उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी की पहचान सादिक हुसैन उर्फ जाहिद उर्फ चिंटी के रूप में की। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए तलहटी मोहल्ला निवासी आरोपी सादिक हुसैन उर्फ जाहिद उर्फ चिंटी को उसके घर से डिटेन कर पूछताछ के बाद नकबजनी के प्रकरण में गिरफ्तार किया, पूछताछ में आरोपी ने उद्योग नगर इलाके के जयश्री विहार थेगड़ा से सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी कैथून थाने का हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर आरोपी है जिसके खिलाफ विभिन्न थानो में 47 मुकदमें दर्ज है। पकड़े गये आरोपी से पूछताछ में दी गई पुलिस टीम ने आरोपी की सूचना पर कैथून रोड़ पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर परिसर से सोने के कुछ आभूषण जिसमें दो सोने जैसी चैन, एक हार सोने जैसा, दो कान के टोप्स, छह अंगुठी छोटी बड़ी सोने जैसी, 1 नथ सोने जैसा, 95 लोंग, 28 चांदी के सिक्के सहित कई आभूषण एवं 70 हजार नकदी बरामद की। पकड़े गये आरोपी से बोरखेड़ा क्षेत्र में हुई चोरी के मामले का भी खुलासा हुआ। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।






विराट चेज मास्टर हैं और रोहित टॉप ऑर्डर के एक विस्फोटक बल्लेबाज हैं। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि वो इस खेल के लिए कितने भूखे हैं कितने फिट हैं और वो जुनून क्या अब भी बरकरार है। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, विरोट कोहली और रोहित शर्मा की बल्लेबाजी के बारे में बोलते हुये।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ अभिनव तेजराणा



रणजी ट्रॉफी में आए दिन एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बन रहे हैं। वहीं अब गोवा के बल्लेबाज अभिनव तेजराणा ने रणजी ट्रॉफी में ऐसी उपलब्धि हासिल की, जो सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज भी नहीं कर सके। तेजराणा ने चंडीगढ़ के खिलाफ 320 गेंदों में 205 रन बनाए और उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हुए, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी डेब्यू मैच में दोहरा शतक जमाया।बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिनव तेजराणा रणजी ट्रॉफी के अपने डेब्यू मैच में शतक जमाने वाले गोवा के पहले खिलाड़ी बने। वैसे, रणजी ट्रॉफी इतिहास में वो 14वें खिलाड़ी हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 21 नवंबर 2022 को 50 ओवर में 506 रन बनाकर वनडे में सबसे अधिक स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

# सितंबर के लिए आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए अभिषेक और मंधाना

दुबई, 16 अक्टूबर। अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार उन्होंने सितंबर के लिए अन्य प्रबल दावेदारों को पछाड़ने में मदद करते हुए जीता। एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अभिषेक के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसकों और आलोचकों दोनों ने सराहना की और यह प्लेयर ऑफ द मंथ के पुरस्कारों में भी झलकता है। इस आक्रामक बल्लेबाज़ ने इस दौरान सात मैचों में 44.85 की औसत और 200 के शानदार स्ट्राइक-रेट से 314 रन बनाए।

25 वर्षीय इस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया और उन्होंने एशिया कप के दौरान आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अब तक के सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल किए, सुपर फ़ोर चरण के अंत में 931 अंक हासिल किए। उन्होंने यह पुरस्कार अपने साथी खिलाड़ी कुलदीप यादव और ज़िम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट से आगे रहकर जीता।

अभिषेक ने कहा, ''यह आईसीसी पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह पुरस्कार मुझे कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मैं जीत दिलाने में मदद कर सका।मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर गर्व है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत हासिल कर सकती है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी उत्कृष्ट टीम संस्कृति और सकारात्मक मानसिकता को दर्शाता है।''





अभिषेक की तरह बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मैचों में 58, 117 और 125 रन बनाए। भारतीय उप-कप्तान ने इस दौरान चार एकदिवसीय मैचों में 77 की औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारत के अभियान की अगुवाई कर रही मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक लगाया, जब उन्होंने तीसरे मैच में सिर्फ़ 50 गेंदों पर शतक पूरा किया।

दक्षिण अफ्रीका की तज़मीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं। मंधाना ने कहा, ''सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूँ। इस तरह का सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने और विकसित होने के लिए प्रेरित करता है। यह सम्मान उस समर्थन, विश्वास और प्रयास को भी दर्शाता है जो हम एक टीम के रूप में सामूहिक रूप से एक साथ देते हैं।''

### आरसीए एडहॉक कमेटी के कन्वीनर के खिलाफ बुलाई इमरजेंसी मीटिंग

# कमेटी के चार सदस्यों ने दीनदयाल कुमावत के खिलाफ लगाए तानाशाही और भ्रष्टाचार के आरोप

जयपुर, 16 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के खिलाफ अब कमेटी के चार सदस्यों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

चारों ने कुमावत पर तानाशाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही 17 अक्टूबर को एडहॉक कमेटी की आपात बैठक (इमरजैंसी मीटिंग) बुलाई है। जिसमें नई सिलेक्शन कमेटी के गठन के साथ ही आरसीए में पिछले दिनों हुए भुगतान और कर्मचारियों की नियुक्ति के खिलाफ जांच जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

### आरसीए क्रिकेट एकेडमी में आपात बैठक बुलाने की मांग

दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी विवाद दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद अब एडहॉक कमेटी के चार सदस्य धनंजय सिंह, पिंकेश जैन, मोहित यादव और आशीष तिवारी ने कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के साथ ही सहकारिता और खेल विभाग को लेटर लिख आरसीए में एकतरफा फैसलों और कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए 17 अक्टूबर को आरसीए क्रिकेट एकेडमी में आपात बैठक बुलाने की मांग की है। लेटर में लिखा कि कन्वीनर दीनदयाल कुमावत द्वारा 26 सितंबर 2025 को एडहॉक के एक्सटेंशन के बाद से अब तक एडहॉक कमेटी की एक भी बैठक नहीं बुलाई गई है।



**एडहॉक समिति के मेरे सहित साथी तीन सदस्यों मोहित यादव, आशीष तिवारी एवं पिंकिश पोरवाल के साथ आज एसएमएस स्टेडियम स्थित आरसीए कार्यालय का दौरा किया। वहाँ दैनिक क्रिकेट गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा और योजना बनाई गई। समिति की आपात बैठक कल बुलाई गई है। इसके पश्चात और अपडेट साझा किए जाएंगे। मैं पुन: स्पष्ट करना चाहता हूँ कि जोधपुर डीसीए की मान्यता रद्द करना पूर्णतया असंवैधानिक है। जोधपुर डीसीए आज भी विधिवत रूप से कार्य कर रही है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कल की आपात बैठक के उपरांत साझा की जाएगी। - धनंजय सिंह**

आरसीए से जुड़े तमाम फैसले दीनदयाल कुमावत अकेले लिए जा रहे हैं, जिससे आरसीए का निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन प्रभावित हो रहा है।

लेटर में आरोप लगाया कि दीनदयाल कुमावत के अवैध, बेईमान और हठी रवैये के चलते आरसीए के नियमित कार्य ठप हो गए हैं, ऐसे में एडहॉक कमेटी की तत्काल बैठक बुलाना जरूरी हो गया है। जिसमें मौजूदा स्थिति के साथ ही पूर्व में लिए गए फैसलों पर चर्चा करना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही कमेटी के चारों सदस्यों ने कुमावत को चेतावनी देते हुए लिखा कि अगर 24 घंटे के भीतर दीनदयाल कुमावत बैठक का नोटिस जारी नहीं करते हैं। तो पांच में से चार सदस्य स्वयं अपने स्तर पर बैठक बुलाएंगे।

बता दें कि 12 अक्टूबर से राजस्थान क्रिकेटर एसोसिएशन में सियासी ड्रामा शुरू हो गया है। एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों ने जहां कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं कुमावत ने एडहॉक कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर के जिले को बर्खास्त कर एडहॉक कमेटी के शेष सदस्यों के खिलाफ लोकपाल को शिकायत की है। ऐसे में अब राजस्थान के क्रिकेट और खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर 17 अक्टूबर को ही फैसला संभव है।

## अरावली क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 16 अक्टूबर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में यति क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.5 ओवर में 99 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कान्हा श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 22 रनों का योगदान दिया। अरावली क्रिकेट अकादमी की ओर से रामनिवास और लखन ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरावली क्रिकेट अकादमी ने 21 ओवर में 103 रन 4 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। अंश यादव ने 52 नाबाद और कुणाल ने 25 नाबाद रनों का योगदान दिया। अंश यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



### आरपीसी कप : 4 गोल

## ऑल स्टार पोलो टीम ने जयपुर को हराया

जयपुर, 16 अक्टूबर। रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो ओर ऑल स्टार पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑल स्टार पोलो टीम ने जयपुर पोलो टीम को 5 के मुकाबले 6.5 गोलों से हराया। आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही ऑल स्टार पोलो टीम की ओर से अशोक चांदना ने 2, बेंजामिन यनजोन ने 1 ओर डीनो धनखड़ ने अपनी टीम के लिए 3 गोल किये। जयपुर टीम की ओर से लांस वाटसन ने 3 गोल ओर महाराज पद्मनाभ सिंह ने अपनी टीम के लिए 2 गोल किये।



## 5वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर जयपुर जिला सॉफ्ट हॉकी चैम्पियनशिप का भव्य समापन

जयपुर, 16 अक्टूबर। जयपुर जिला सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर जयपुर जिला सॉफ्ट हॉकी चैम्पियनशिप 2025 का भव्य समापन समारोह आज सवाई मान सिंह स्टेडियम, छोटे एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड, जयपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजी संदीप सिंह चौहान, चेयरमैन - एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आशुतोष पंत, प्रेसिडेंट - एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिखा पंत (वाइस प्रेसिडेंट, महासचिव रमेश सिंह, कोषाध्यक्ष के.के. प्रधान, राष्ट्रीय कोच हरजिंदर बराड़, तथा भारतीय टीम के मैनेजर इन्द्रजीत सिंह शेखावत उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष पंत ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया का मुख्य उद्देश्य 'देशहित प्रथम' है। हमारा लक्ष्य सॉफ्ट हॉकी को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है।



### एडहॉक कमेटी अल्पमत में है, धनंजय सिंह को अधिकार ही नहीं है बैठक बुलाने का

# 9 करोड़ का साउथ पवेलियन में घपला हुआ है पहले उसकी जांच कराओ : कुमावत

जयपुर, 16 अक्टूबर। आरसीए क्रिकेट एकेडमी में आपात बैठक बुलाने की मांग राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी विवाद दिनों दिन बढ़ते विवाद को लेकर एडहॉक कमेटी कन्वीनर डी डी कुमावत ने कहा कि जोधपुर जिला क्रिकेट संघ पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद अब एडहॉक कमेटी अल्पमत में है, क्योंकि एडहॉक कमेटी में कम से कम पांच सदस्यों का होना जरूरी होता है, वहीं धनंजय सिंह जोधपुर क्रिकेट जिला संघ के अध्यक्ष थे जिन्हें बर्खास्त कर दिया गया है।

हमने रजिस्ट्रार को लेटर लिखा है कि एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों में से एक को हटा दिया गया है इसलिए चौथे सदस्य को एडहॉक कमेटी में चुना जाए तब एडहॉक कमेटी की बैठक बुला ली जाएगी। पिंकेश जैन, मोहित यादव और आशीष तिवारी ने कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के साथ ही सहकारिता और खेल विभाग को लेटर लिख आरसीए में एकतरफा फैसलों और कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए 17 अक्टूबर को आरसीए क्रिकेट एकेडमी में आपात बैठक बुलाने की मांग की है जोकि असंवैधानिक है।



धनंजय सिंह को अधिकार ही नहीं है आपात बैठक बुलाने का। दूसरी बात यह है कि होटल के टेंडर भी कर रहे हो, ड्रेस के टेंडर भी आप कर रहे हो। सब कुछ आपके आदमी कर रहे हैं फिर उसके बाद मेरी करा लो जांच। पता लग जाएगा कौन दोषी है। सबने चेक पर साइन किये। मिराज की बात कर रहे हैं, मिराज में 5 लाख रुपये महीना किराया तय हुआ और सब लोग मिराज में गए, खाना खाया, लंच किया, सब कुछ किया, मैच हो गया, पंजाब के मैच हो गए। क्रिकेट अच्छा चल रहा है, चयन समितियां भी देखो आपकी आज वहाँ भी जीते। मैच अच्छे सलेक्शन हुए हैं अगर सलेक्शन में कोई बात है, कोई विषय है अगर सलेक्शन जीरो हुए है तो ठीक है कोई लड़का इससे बेटर खेल रहा है हमारी परन्तु किसी के कहने से, किसी के दबाव से डी डी कुमावत को हटा देंगे और एक जुट हो जायेंगे तो खिलाड़ी तो वही खेलेगा मेरे रहते हुए जो एलिजिबल है, जिसका अच्छा परफॉर्मेंस है।

खिलाड़ियों का मैच चल रहा है और बीच में आकर कोई ताला लगाता है तो खिलाड़ी के साथ अन्याय है। बाकी हमने टिल डेट से लेकर नवम्बर तक एडवांस पैसा जमा है। अब रही बात साउथ पवेलियन की, तो जगह जगह पानी टपक रहा है, वायर लटक रहे हैं,फोर्सिलिंग लटक रही है। खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए हमने साइड गेट से ही आना जाना कर रखा है ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

साउथ पवेलियन में आरसीए एडहॉक कमेटी ने अपने खर्चे से एयर कंडीशन लगाए हैं। साउथ पवेलियन में 9 करोड़ रुपयों का काम दिखना तो चाहिए। अगर साउथ पवेलियन में सीटिंग बढ़ाने को लेकर निर्माण कार्य किया गया था तो क्या प्रति सीट 4.5 लाख रुपए की लागत से बनाई गई थी? साउथ पवेलियन में सीटिंग बढ़ाने को लेकर निर्माण कार्य करवाया था उसमें कई खामियां साफतौर पर दिखाई देती नजर आ रही है। पहले साउथ पवेलियन के निर्माण कार्यों में हुए घपलों की जांच होनी चाहिए।

## अद्विका अग्रवाल ने बैडमिंटन में जीते दो रजत पदक



जयपुर, 16 अक्टूबर। वैशाली नगर जयपुर स्पोर्ट्स अकैडमी की खिलाड़ी अद्विका अग्रवाल ने नोएडा के प्रोमेथियस स्कूल में आयोजित आईएसएसओ राष्ट्रीय खेलों की अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग एकल स्पर्धा में रजत पदक और बेडमिन्टन अंडर-17 टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्हें अंडर-17 एसजीएफआई राष्ट्रीय और आईएसएसओ अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए चुना गया है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

विशाखापत्तनम, 16 अक्टूबर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान अलिसा हीली (नाबाद 113) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 84) की सलामी विस्फोटक साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप मुकाबले में गुरूवार को बंगलादेश को 151 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की अलिसा हीली और फीबी लिचफील्ड की जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। अलिसा हीली ने 77 गेंदों में 20 चौके लगाते हुए (नाबाद 113) रन बनाये। वहीं फीबी चिलफील्ड ने 72 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 24.5 ओवर मे बिन कोई विकेट खोए 202 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया।

इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया है। इसमें सोभना मोस्टरी (नाबाद 66) का अहम योगदान रहा। उन्होंने बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास सहयोग नहीं मिला। बांग्लादेश ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन बीच के ओवरों में वे थोड़ा गड़बड़ा गए, वरना वे और बड़ा स्कोर बना सकते थे। ऑस्ट्रेलिया ने मैदान पर थोड़ी गड़बड़ी की और गेंदबाजी में बदलाव भी थोड़ा उलझन भरा रहा।

## जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने मंगलम क्रिकेट एकेडमी को 173 रन से हराया

जयपुर, 16 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने राहुल खण्डेलवाल 100 रन के शतक, पार्थ यादव 54 रन के अद्धर्शतक तथा हेमन्य भारद्वाज 12 रन पर 5 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत मंगलम क्रिकेट एकेडमी को 173 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये राहुल खण्डेलवाल 100 रन (42 गेंद, 9 चौके, 9 छक्के), पार्थ यादव 54 रन (34 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के), अमन शेखावत 30 रन, मनीष गढ़वाल 18 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 233 रन बनाये। गेंदबाजी में मंगलम क्रिकेट एकेडमी की ओर से पीयुष मालवीय, सिद्धार्थ गुजर, मयंक सारस्वत, दिव्यांश सामरिया प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में मंगलम क्रिकेट एकेडमी के विशाल शर्मा 21 रन तथा सुमित शर्मा 10 रन को छोड़कर मंगलम क्रिकेट एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों हेमन्य भारद्वाज 12 रन पर 5 विकेट, गणेश चौधरी 7 रन पर 2 विकेट की घातक गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सका और पूरी टीम 17.5 ओवर में 60 रन पर सिमट गयी।

### राजस्थान-छत्तीसगढ़ रणजी मैच

# राजस्थान के दीपक हुड्डा का शतक

### राजस्थान के चेतन शर्मा, गणेश सुथार, दीपेंद्र सिंह, अनिरुद्ध की शानदार गेंदबाजी

जयपुर 16 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में नाथद्वारा व जयपुर में खेले जा रहे रणजी व अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी मैच का स्कोर :-

नाथद्वारा राजस्थान - छत्तीसगढ़ रणजी मैच ( दूसरे दिन का स्कोर )( मिराज स्टेडियम), नाथद्वारा में राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - महाराष्ट्र रणजी मैच के दूसरे दिन का स्कोर :- छत्तीसगढ़ पहली पारी 332 आल आउट। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में अजय मंडल 144 व वासुदेव 59 रनो की सहायता से 332 रनो का स्कोर बनाया।राजस्थान के गेंदबाज अनिकेत चौधरी 67/3, खलील अहमद 72 /3, मानव सुथार 72 /3 विकेट। राजस्थान पहली पारी 215 /4, टीम के लिए दीपक हुड्डा नाबाद 101, अभिजीत तोमर 49, कार्तिक शर्मा 35 व मुकुल नाबाद 16 रन। छत्तीसगढ़ के गेंदबाज 26/2 विकेट।

**जयपुर - स्टेडियम राजस्थान - मुंबई अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच ( पहला दिन )** मुंबई पारी 155 आल आउट। टीम के लिए मनन भट्ट 64, जय 28 व आयुष 20 रन। राजस्थान के गेंदबाज चेतन शर्मा 51/4, अनिरुद्ध सिंह चौहान 15/2, गणेश सुथार 26/2 व दीपेंद्र सिंह 32/2 विकेट प्राप्त करते हुए मुंबई टीम को पहली पारी में सस्ते में समेट दिया। राजस्थान पहली पारी 55/3, पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने राज शर्मा नाबाद 19 व धर्मवीर नाबाद 10 रन की सहायता से 3 विकेट के नुकसान पर 55 रन बना लिए थे।



**राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी ( जयपुर - टोक फाइनल में पहुंचे )** राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी में आज जयपुर ने जैसलमेर को व टोंक ने हनुमानगढ़ को हरा प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

**जयपुर - जैसलमेर मैच ( जयपुर 144 रन से जीती ),** जयपुर पारी 259/8, टीम के लिए रियान103, वशिष्ठ शर्मा 56 व केविन 42 रन का योगदान दिया।जैसलमेर के गेंदबाज राम करण52/2 विकेट। जैसलमेर पारी 115 आल आउट, टीम के लिए करण 26 व राजवर्धन24 रन। जयपुर के गेंदबाज सचिन मीणा 24 /5, नतांश 10 /2, प्रतीक 28 /2 विकेट।

**टोंक - हनुमागढ़ मैच ( टोंक 5 रन से जीती ),** टोंक पारी 262/8, टीम के लिए आशीष रघुवंशी 104, यश शर्मा 34, अज़ीन 37, समीर नाबाद 22 व तिलकराज नाबद 21 रन। हनुमानगढ़ के गेंदबाज जसपाल 41/3 विकेट।हनुमानगढ़ पारी 257/9, टीम के लिए राहुल 140, रमन 39 रन, टोंक के गेंदबाज आर्यन सिंह 40/3, अज़ीन 49/2 व अभिनव शर्मा 68/2 विकेट।


**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक :- न.नि.भ./2025-26/14573 दिनांक :- 16/10/2025

**विज्ञप्ति**

नगर निगम भरतपुर द्वारा निगम क्षेत्र में विज्ञापन हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 24.10.2025 है। जिसका UBN No. DLB2526SSOB21952 एवं DLB2526SSOB21953 है। अधिक जानकारी **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/12388 आयुक्त नगर निगम भरतपुर

**Krishi Vigyan Kendra, Kumher - Bharatpur**

No. :- F./Adv. 1/ KVK/KUMHER/2025/990-994 Dated :- 10/10/2025

**WALK IN INTERVIEW**

Applications are invited for engagement of Young Professional (YP-II) purely on contractual basis under NICRA project. Interested applicants may come for interview on 27.10.2025 at 10.30 AM at KVK, Kumher-Bharatpur. For more details visit: **www.sknau.ac.in.**

Raj.Samwad/C/25/12344 Senior Scientist and Head

**कार्यालय नगर पालिका, जैतारण (ब्यावर)**

क्रमांक / नपाजै / विकास / ईनिविदा / 2025 / 2862 दिनांक :- 09.10.2025

**:: ई -निविदा सूचना ::**

**(NIB NO. DLB2526A7137)**

नगर पालिका जैतारण की ओर से नगर पालिका जैतारण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है । नगर पालिका क्षेत्र के कुल 05 कार्य अनुमानित लागत 83.02 (रू लाख) की निविदा बेचे जानी प्रारम्भ की दिनांक 10.10.2025 एवं 27.10.2025 प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है ।

राज.संवाद / सी / 25 / 12383 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन(पाली)**

पंचायत समिति के सामने मारवाड़ जंक्शन-306001

क्रमांक : न.पा.मा.जं. / विकास / 2025-26 / 427 दिनांकः-08.10.2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन के विकास शाखा की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सम्बंधित विस्तृत जानकारी पालिका के नोटिस बोर्ड अथवा वेब पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसके यू.बी.एन. नम्बंर निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| DLB2526WSRC21341 | DLB2526WSRC21343 |

राज.संवाद / सी / 25 / 12382 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन

**कार्यालय जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) करौली**

क्रमांक :- जिपक/लेखा/निविदा/2025-26/425 दिनांक :- 13/10/2025

**ई-निविदा सूचना 02/2025-26**

जिला परिषद् करौली के अधीन पंचायत समिति श्री महावीर जी मे स्वीकृत पंचायत समिति भवन निर्माण कार्य का पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत आमंत्रित ई-निविदा (अनुमानित राशि 208.70 लाख) की विस्तृत जानकारी हेतु ऑन-लाईन वेब-साईट http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है तथा कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN : ZKR2526WSOB00530

NIB Code : ZKR2526A0404

राज.संवाद/सी/25/12363 मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद करौली

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर (बीकानेर)**

E-mail:- eonagarpalikanapasar@gmail.com

क्रमांक / न.पा.ना. / 2025 / 1068 दिनांक : 14.10.2025

**-: ई-निविदा (एआरसी) सूचना सं0 24 (वर्ष 2025-26):-**

वर्ष 2025-26 पालिका सीमा क्षेत्र में आवारा पशुओ को पकडने एवं परिवहन कर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान / गौशाला में छुडवाने के कार्य के लिए कार्यादेश जारी होने की दिनांक से 01 वर्ष के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करनें की अंतिम दिनांक 25.10.2025 निविदा दर अपलोड करने की अंतिम दिनांक 25.10.2025 ।

निविदा की शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा की ऑनलाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर ऑनलाईन ही जमा करानी है। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड करने अनिवार्य है।

निविदा का कुल अनुमानित लागत राशि :-20.00 लाख रूपये

UBN Number :- DLB2526SLOB21825

प्रशासक नगर पालिका नापासर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नापासर

राज.संवाद / सी / 25 / 12375

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

(सामुदायिक भवन, तारा नगर डी, खिरणी फाटक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- जसअ / 2025 / 251 दिनांक: 13.10.2025

**निविदा सूचना सं.- 69 से 79/2025-26**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयंपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (झोटवाडा जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जा रही है। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण दिनांक 11.10.2025 09.00 A.M. से नगर निगम, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है व अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का **Unique Bid Number (UBN) JMC2526WSOB01689 to JMC2526WSOB01697** एवं **JMC2526WSOB01699 to JMC2526WSOB01700** है।

राज.संवाद / सी / 25 / 12320 अधिशाषी अभियंता (झोटवाडा जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा-2024 की उत्तरतालिका बाबत्।**

बोर्ड द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2025 को आयोजित महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा-2024 की अस्थाई उत्तरतालिका (ग्रुप-1 कक्षा 6 से 8, ग्रुप-2 कक्षा 9 से 12 व ग्रुप-3 महाविद्यालय में अध्ययनरत हेतु) बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध करवा दी है। यदि किसी परीक्षार्थी को उत्तरतालिका के किसी प्रश्न के उत्तर में आपत्ति हो तो वे बोर्ड की ई-मेल आईडी bserobjections@gmail.com पर मय प्रमाण के दिनांक 24.10.2025 तक निर्धारित प्रारूप में आपत्ति दर्ज करावें। इसके उपरान्त प्राप्त किसी आपति पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक द्वारा प्राप्त आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाएगी।

सचिव

# प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन ऐतिहासिक धरोहर की थीम पर होगा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमओ में आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

जयपुर, 16 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर) का आयोजन राजस्थान की ऐतिहासिक और वैभवशाली धरोहर की थीम पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि देश और विदेश से आने वाले प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश की विकास यात्रा से भी अवगत कराया जाए।

शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जयपुर में होने वाले इस आयोजन में राजस्थान की समृद्ध विरासत और संस्कृति की झलक भी दिखाई जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवासी राजस्थानियों को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू की सफल ग्राउंड ब्रेकिंग की उपलब्धियों से अवगत कराएं तथा इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी प्रचार-प्रसार करें।

शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन के सभी चैप्टर्स से आने वाले आगन्तुकों की कार्यक्रम में सहभागिता के संबंध में जानकारी ली तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश की ऐतिहासिक इमारतों, धरोहरों, पर्यटन केन्द्रों और महत्वपूर्ण स्थलों की भी जानकारी दी जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री भजनलाला शर्मा

■ मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रवासी राजस्थानियों को राइज़िंग राजस्थान के एमओयू की सफल ग्राउण्ड ब्रेकिंग की उपलब्धियों से अवगत करायें।

## सीजेआई पर हमलाः केस की तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने अधिवक्ता राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग संबंधी याचिका पर तत्काल सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई से इनकार कर दिया।

पीठ ने यह सूचित किये जाने पर कि अटॉर्नी जनरल ने अधिवक्ता के खिलाफ अवमानना अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने की सहमति दे दी है, कहा कि इस मामले में कोई भी कार्रवाई करने से एक और प्रकरण शुरू हो सकता है।

पीठ ने यह भी कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं इस मामले को बंद करने का फैसला किया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने मामले की तत्काल सुनवाई (शुक्रवार 17 अक्टूबर को) की मांग की क्योंकि जूता फैंकने वाले दिल्ली के उस अधिवक्ता ने कोई पछतावा नहीं जताया है और अपने कृत्य को उचित ठहराया है।

# स्कॉर्पियो-ट्रेलर भिड़ंत में चार युवक जिंदा जले

## आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। चालक की स्थिति गंभीर

बालोतरा, 16 अक्टूबर (निसं)। सिणधरी पुलिस थाना क्षेत्र के सडा गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

देर रात करीब 12 बजे मेगा हाईवे पर सडा से आगे गुड़ामालानी की तरफ यह हादसा एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ट्रेलर (ट्रक) की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत के कारण हुआ, जिसके बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुड़ामालानी (बाड़मेर) के डाबड़ निवासी पांच युवक किसी काम से सिणधरी गए थे। रात करीब 12 बजे के बाद वे अपनी स्कॉर्पियो से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। गुड़ामालानी में अपने घर से महज 30 किलोमीटर पहले सडा गांव के निकट मेगा हाईवे पर उनकी स्कॉर्पियो सामने से आ रहे एक ट्रेलर से टकरा गई।

■ रात बारह बजे करीब गुड़ामालानी के पाँच युवक सिणधरी से वापस लौट रहे थे। घर से मात्र 30 किलोमीटर पहले सड़ा गाँव में यह हादसा हो गया।

टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुर्भाग्यवश, स्कॉर्पियो में सवार चार युवक आग की चपेट में आ गए और उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। चारों लोगों की मौके पर ही जिंदा जलने से मौत हो गई।

हादसे में मरने वालों की पहचान मोहन सिंह (35) पुत्र धूडसिंह, शंभू सिंह (20) पुत्र दीप सिंह, पांचाराम (22) पुत्र लुम्बाराम और प्रकाश (28) पुत्र सांपाराम के रूप में हुई है।

स्कॉर्पियो चालक दिलीप सिंह इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत बालोतरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही, देर रात को ही प्रशासन के आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने वालों में जिला कलेक्टर सुशील यादव, एसपी रमेश, एडीएम भुनेश्वर सिंह चौहान, डिप्टी सिवाना नीरज शर्मा सहित, अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल थे।

अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

सिणधरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना से गुड़ामालानी के डाबड़ गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## 'कोटपुतली नगर निगम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में नोटिस जारी किए थे परन्तु अनौपचारिक तरीके से डर और दबाव का माहौल बनाया गया था। इन याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए हाइ कोर्ट ने तत्कालीन नगर परिषद को आदेश दिए थे कि वह कोई भी कार्यवाही करने से पूर्व सभी प्रभावित पार्टियों को नोटिस भेजे और आपत्तियां सुनने के बाद ही कार्यवाही करे।

हैरानी की बात है कि 10 महीनों के भीतर ही तत्कालीन नगर परिषद ने तोड़ फोड़ की कार्यवाही को पूरी तरह अंजाम दिया। परन्तु याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्हें नगर परिषद द्वारा आपत्तियां सुनने के लिए कभी कोई नोटिस दिया ही नहीं गया। दूसरी ओर नगर परिषद उक्त सड़क को चौड़ा करने और मास्टर प्लान में फेर बदल करने के पक्ष में अदालत में कोई तर्क या तथ्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। क्योंकि सड़क चौड़ी करने और शहर के "मास्टर प्लान" में फेर बदल करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे, नगर परिषद द्वारा लिए गए फैसले और उसका गजट नोटिफिकेशन प्रकाशित करने का दस्तावेज मौजूद ही नहीं था। इस कार्यवाही के खिलाफ याचिकार्ताओं ने अदालत का दरवाजा पुन: खटखटाया अदालत को स्पष्ट रूप से बताया गया कि 150 मकानों और दुकानों , जिनको ध्वस्त किया गया है, उनमें से कई मकान मालिकों के पास खेतड़ी महाराज द्वारा दिए गए पट्टे थे, कई याचिकाकर्ताओं को नगर परिषद व पंचायत ने ही पट्टे दिए थे और कुछ ही याचिकार्ताओं के पास मकान या दुकान की भूमि का पट्टा नहीं था परन्तु वह अस्थाई अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आते।

अदालत ने एन याचिकार्ताओं को राहत देते हुए कहा था कि एक कमेटी गठित हो जो नगर परिषद द्वारा करी गई कार्यवाही की जांच करे और राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करे। हालांकि अभी तक उक्त कमेटी का गठन हुआ है कि नहीं और आयुक्त कमेटी ने नगर परिषद से जवाब मांगा है कि नहीं, इस पर स्पष्टता नहीं है। परन्तु मूल याचिकाकर्ताओं में से तीन याचिकाकर्ता हरि प्रसाद शर्मा, गोविंद नारायण शर्मा और अरविंद कुमार भारद्वाज ने अदालत में स्पेशल रिट याचिका दायर की है।

इस स्पेशल रिट याचिका के जवाब में कोटपुतली नगर निगम द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया है जिसमें उसने कहा है कि कोटपुतली को जिला घोषित करने के बाद से वह ट्रैफिक बढ़ गया है और जिस वजह से वह ट्रैफिक जाम बढ़ गए हैं, मुख्यतया मार्केट एरिया में। इसलिए सड़क चौड़ा करने के पक्ष में फैसला लिया गया था। अदालत ने इस जवाब पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि कोटपुतली को वर्ष 2023 में ही एक जिला घोषित किया गया है और उससे कुछ समय पूर्व ही वहां नगर निगम का गठन किया गया था तथा मकानों में तोड़ फोड़ करने की कार्यवाही 2021 में की गई थी जिसका फैसला तत्कालीन नगर परिषद ने किया था। और नगर परिषद द्वारा लिए गए फैसले को सही ठहराने के पक्ष में वर्तमान नगर निगम द्वारा कोई भी तर्क या तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, नगर निगम का जवाब पूर्णतया अस्पष्ट और गोलमोल है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि तोड़ फोड़ की कार्यवाही प्रथम दृष्टया गैर कानूनी ही थी।

## एक दिन में 298 नक्सलियों का रिकॉर्ड सरेन्डर

जगदलपुर, 16 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से नक्सलियों का सरेंडर जारी है, लेकिन गुरुवार को नक्सलियों के हथियार डालने का एक अलग ही रिकॉर्ड बना है। एक ओर बीजापुर जिले में 158 तो वहीं, दंतेवाड़ा जिले में 140 नक्सलियों ने जंगल का रास्ता छोड़ दिया है। इनके अलावा एक दिन पहले ही कांकेर और सुकमा जिले में 77 नक्सलियों ने हथियार डाले थे। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट किया है कि आत्मसर्मपण करने वालों का स्वागत है, लेकिन हथियार थामे रहने वालों को सुरक्षाबलों का सामना करना पड़ेगा। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में सरेंडर करने वाले नक्सली कई बसों से पहुंचे।

## दस में से सात अमेरिकी मानते हैं कि ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहायता नहीं देते। यहाँ तक कि उच्च शिक्षा की पारंपरिक खूबियाँ - आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान - भी संदेह के घेरे में हैं; 49 प्रतिशत उत्तरदाता इन क्षेत्रों में कॉलेजों को सामान्य या खराब रेटिंग देते हैं।

कभी अकादमिक जीवन की पहचान रही कैम्पस में "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता" भी अब विवाद का विषय बन गई है। लगभग 45 प्रतिशत अमेरिकियों का कहना है कि विश्वविद्यालय छात्रों को विभिन्न विचारों से परिचित नहीं कराते, जबकि 46 प्रतिशत मानते हैं कि छात्रों को अपने विचार व्यक्त करने के लिए पर्याप्त रुप से प्रोत्साहित नहीं किया जाता।

मानसिक स्वास्थ्य का क्षेत्र - जो महामारी के बाद से और गंभीर मुद्दा बन गया है में 46 प्रतिशत का कहना है कि कॉलेज संकट में फंसे छात्रों की मदद करने में "सामान्य या खराब" प्रदर्शन करते हैं, जबकि एक चौथाई उत्तरदाता इस पर निश्चित नहीं हैं। केवल एक क्षेत्र ऐसा है जहाँ विश्वविद्यालय अभी भी तुलनात्मक रूप से मजबूत माने जाते हैं - अनुसंधान और नवाचार और 27 प्रतिशत उत्तरदाता इसे "उत्कृष्ट" या बहुत अच्छा बताते हैं, हालांकि 32 प्रतिशत इसे सामान्य या खराब भी मानते हैं।

हालाँकि असंतोष व्यापक है, लेकिन इसमें स्पष्ट राजनीतिक रंग भी हैं। रिपब्लिकन और उनके समर्थक (77 प्रतिशत) डेमोक्रेट्स और उनके समर्थकों (65 प्रतिशत) की तुलना में अधिक मानते हैं कि उच्च शिक्षा गलत दिशा में जा रही है। फिर भी, 2020 से दोनों पक्षों के बीच यह अंतर काफी घटा है, जिससे संकेत मिलता है कि अब अविश्वास केवल दक्षिणपंथी विचारधारा तक सीमित नहीं है।

रिपब्लिकन, विशेष रुप से, विचारधारा और नौकरी की तैयारी से जुड़े मुद्दों पर कड़ी आलोचना करते हैं, डेमोक्रेट्स की तुलना में। उनके द्वारा कॉलेजों के आलोचनात्मक चिंतन कौशल विकसित करने ( 65 प्रतिशत बनाम 33 प्रतिशत), छात्रों को अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों के लिए तैयार करने (64 प्रतिशत बनाम 47 प्रतिशत), और विविध दृष्टिकोणों को बढ़ावा देने (61 प्रतिशत बनाम 29 प्रतिशथ) में खराब प्रदर्शन करने की संभावना 15-30 प्रतिशत अधिक है। दूसरी ओर, डेमोक्रेट्स वित्तीय सहायता के मामले में थोड़े अधिक आलोचनात्मक हैं, 55 प्रतिशत कहते हैं कि विश्वविद्यालय ज़रूरतमंद छात्रों की मदद में कमी रखते हैं, जबकि रिपब्लिकन में यह आंकड़ा 49 प्रतिशत है।

लेकिन एक मुद्दे पर पूरा अमेरिका एकमत है, कॉलेज की लागत का बोझ। दोनों दलों के अधिकांश समर्थक मानते हैं कि खर्च असहनीय है और विश्वविद्यालय इस संकट को सुलझाने में नाकाम रहे हैं।

प्यू के नवीनतम निष्कर्ष इस बात को रेखांकित करते हैं कि अमेरिकी जनता उच्च शिक्षा के वादे को अब किस नज़र से देखती है। कभी समृद्धि और सामाजिक प्रगति का निश्चिंत मार्ग मानी जाने वाली कॉलेज शिक्षा अब निराशा, संदेह और आक्रोश का कारण बन गई है। नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों के लिए संदेश स्पष्ट है, विश्वविद्यालयों में विश्वास बहाल करना केवल आर्थिक सुधारों से संभव नहीं होगा; इसके लिए यह पुनर्विचार ज़रूरी है कि 21वीं सदी के अमेरिका में उच्च शिक्षा का उद्देश्य वास्तव में क्या होना चाहिए।

## भारत व भारत के मित्र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारतीय प्रधानमंत्री "महान व्यक्ति" हैं।

ट्रम्प के इन बयानों ने, पर्दे के पीछे की गतिविधियों पर संदेह पैदा कर दिया, जिसके बाद भारत की ओर से तुरंत आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया गया। यह दूसरा अवसर है, जब भारत ने ट्रम्प के किसी बयान का सीधे तौर पर खंडन किया है।

इसी बीच रूस ने भी बयान जारी कर कहा है कि वह अपने ख़रीदारों की ऊर्जा खरीद नीतियों में कभी दखल नहीं देगा। भारत में रूस के राजदूत ने कहा कि भारत और रूस के बीच सहयोग का लम्बा इतिहास है और वैश्विक ऊर्जा बाज़ारों में उथल-पुथल के दौरान रूसी तेल आपूर्ति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाया है।

दूसरी ओर, यूनाइटेड किंगडम ने एक भारतीय कंपनी पर रूस से कच्चा तेल आयात करने के कारण अपने एकतरफा प्रतिबंध लागू किए हैं। इस भारतीय कंपनी ने वर्ष 2014 में लगभग 5 अरब डॉलर का रूसी तेल आयात किया था। ब्रिटेन ने कई चीनी कंपनियों पर भी रूसी तेल के कारोबार में शामिल होने के लिए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत ने इस पर सख्त प्रतिक्रिया दी है और भारत की इस कंपनी की गतिविधियों पर ब्रिटिश अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हुए कहा है कि ब्रिटिश सरकार के ऐसे एकतरफा कदमों को भारत मान्यता नहीं देता। विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश सरकार की इस कार्रवाई की निंदा की है।

ट्रम्प ने जहाँ बार-बार भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर निशाना साधा है, वहीं उन्होंने चीन के निरंतर रूसी तेल आयात पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने चीन पर वैसे शुल्क नहीं लगाए, जैसे भारत पर लगाए गए।

भारतीय आयात पर भारी शुल्क लगाने के बावजूद, भारत अपने रूसी तेल व्यापार से पीछे नहीं हटा है। बल्कि, समय के साथ भारत के रूसी तेल आयात में और वृद्धि हुई है।

ट्रम्प यूरोपीय संघ (ई.यू.) के उन सदस्य देशों को भी दंडित नहीं कर पाए, जो आज भी रूसी ऊर्जा उत्पादों का आयात जारी रखे हुए हैं। आज भी यूरोपीय संघ द्वारा रूस से की जाने वाली ऊर्जा खरीद भारत से कहीं अधिक है। यूरोपीय देश अब भी रूस के साथ अपने गुप्त संपर्क बनाए हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से बिहार मतदाता सूची को दोबारा प्रकाशित करने को कहा

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के संबंध में गुरुवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि चुनाव आयोग टाइपोग्राफ़िकल त्रुटियों और अन्य गलतियों की जाँच के साथ सुधारात्मक उपाय करते हुए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) से संबंधित कानूनी मुद्दों पर चार नवंबर को सुनवाई करेगी।

पीठ के समक्ष चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से किसी भी मतदाता द्वारा नाम हटाने के खिलाफ एक भी अपील दायर नहीं की गई है। आयोग ने दावा किया कि बिहार एसआईआर प्रक्रिया "सटीक" थी और याचिकाकर्ता राजनीतिक दल और गैर सरकारी संगठन इस प्रक्रिया को बदनाम करने के लिए केवल "झूठे आरोप" लगाने से संतुष्ट हैं। गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि एक मतदाता द्वारा यह दावा किए जाने का विवरण कि उसका नाम अंतिम सूची में नहीं जोड़ा गया था, सच है।

## जैसलमेर बस अग्निकांड में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

या निवास स्थान तक पहुंचाया जाए। जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक एम्बुलेंस के साथ एक सरकारी कर्मचारी एवं एक पुलिस कांस्टेबल को भेजा जा रहा है, ताकि मार्ग में किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी न हो। प्रशासन की प्राथमिकता है कि इस कठिन समय में प्रत्येक परिजन को हरसंभव सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए।

डीएनए परीक्षण के पश्चात् एम्स हॉस्पिटल में रखे 9 मृतकों के शव एवं महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर में रखे 9 शवों की पहचान की जा चुकी है।

एम्स अस्पताल में रखे शव, जितेश चौहान, महेन्द्र (लवारण), खुशी (लवारण), इरफान खान (बम्बोरों की ढाणी), बरकत खान (बासनपीर), शाहरूख खान (चाम्पला), अयुब खान (बासनपीर), बसीरा (बासनपीर) जसु (कोटड़ी) के हैं।

महात्मा गांधी अस्पताल में रखे शव स्वरूप (जोधपुर), गोपीलाल (लाठी), जोगराज सिंह (झलारिया), पार्वती (लवारण), दीक्षा (लवारण), शौर्य (लवारण), दीपक (जैसलमेर), राजेन्द्र सिंह चौहान (जैसलमेर) और हसीना (बम्बोरों की ढाणी) के हैं।

कुल 19 शवों में से एक शव पर अभी तक किसी ने भी दावा नहीं किया है, जो एम्स अस्पताल में रखा हुआ है।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को जैसलमेर बस दुखांतिका में किसी लापता व्यक्ति से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त हो, तो हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल संपर्क करें।

इस भीषण हादसे में जैसलमेर के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान (50) की भी मौत हो गई। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार जैसलमेर में किया गया, जहां उनके बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी।

## विकासशील इंसान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करते हुए, 60 सीटों की मांग की थी और यह सार्वजनिक घोषणा भी चाहते थे कि महागठबंधन की जीत की स्थिति में उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। बाद में उन्होंने अपनी मांग घटाकर 40 और फिर 30 सीटों तक कर दी। राजद नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें 15 सीटों का अंतिम प्रस्ताव दिया, लेकिन इस शर्त के साथ कि इनमें से 9 सीटों पर राजद अपने उम्मीदवार उतारेगी, जो वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

सहनी को यह लग रहा है कि उनके साथ अन्याय हुआ है, और इसका असली कारण यह है कि 2020 के चुनावों के विपरीत, इस बार उनके पास एनडीए में जाने का विकल्प भी नहीं रहा है। एनडीए के घटक दल (भाजपा, जदयू, हम और आरएलपी) पहले ही अपने उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। इसलिये सहनी को अंतिम क्षण में समायोजित करना एनडीए के लिए असंभव है। ऐसी स्थिति में, सहनी के सामने अब सिर्फ ये विकल्प बचे हैं, अपने बल पर चुनाव लड़ना, अपने दल का विलय असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम या प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी जैसी छोटी पार्टियों में करना, या फिर राजद की नाराज़गी को स्वीकार कर जो ऑफर मिला है, उसी पर राज़ी हो जाना। सहनी के पास समय बहुत कम है।

सीट बंटवारे की प्रक्रिया सहज रूप से पूरी न होने का एक बड़ा खतरा यह है कि गठबंधन के घटक दल ज़मीनी स्तर पर एक-दूसरे के वोटों का स्थानांतरण नहीं करा पाएंगे।

इस बीच, खबर लिखे जाने तक मुकेश सहनी ने मीडिया से बात नहीं की थी।

## 5 साल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दुष्कर्म और हत्या के बाद दोनों ने बच्ची के मां बाप को कॉल करके छह लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। फिरौती मांगने के बाद पुलिस सतर्क हुई और पुलिस ने लोकेशन के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। निखिल और अमित की निशानदेही पर बच्ची का शव सरसों के खेत से बरामद किया था। कोर्ट ने का केस काफी गंभीर माना और आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सुबूत और गवाही के आधार पर दोनों को फांसी की सजा का फैसला सुनाया है।

## गुजरात ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मंत्रिमंडल के लगभग 5 मंत्रियों को बरकरार रखे जाने की उम्मीद है जबकि कई पुराने चेहरों का पत्ता कट सकता है।




सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908